● सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 279, पृष्ठ : 08, सीधी, सोमवार, 25 नवम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



जनता ने तुष्टीकरण की राजनीति को नकाराः गोयल 5

पंत आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी 6



## पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम से सदैव कुछ नया करने की मिलती है प्रेरणा : डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विदेश जाने से पहले मुम्बई में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का किया श्रवण

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में मध्यप्रदेशवासियों द्वारा सामूहिक प्रयासों से पर्यावरण-संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की है। यह निश्चित रूप से सभी के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम से सदैव कुछ नया करने की प्रेरणा मिलती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुंबई प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री श्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 116 वां संस्करण सुनने के बाद यह विचार व्यक्त किए। रविवार 24 नवंबर को प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत इंदौर में पेड़ लगाने के बने रिकॉर्ड का उल्लेख करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश के इंदौर में अभियान अंतर्गत 24 घंटे में 12 लाख से ज्यादा पेड़ लगाए गए। अभियान में हुई जन-सहभागिता से इंदौर की रेवती हिल्स का बंजर इलाका अब ग्रीन जोन में बदल जाएगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने डिजिटल क्रांति में बुजुर्गों को भागीदार बनाने के लिए युवाओं द्वारा की जा रही पहल के अंतर्गत भोपाल के महेश का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने अपने मोहल्ले के कई बुजुर्गों को मोबाइल के माध्यम से पेमेंट करना सिखाया है। इन बुजुर्गों के पास स्मार्टफोन तो था, लेकिन उसका सही उपयोग बताने वाला कोई नहीं था। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आहवान किया कि बुजुर्गों को डिजिटल अरेस्ट के खतरे से बचाने के लिए भी युवा आगे आएं। उन्होंने यह भी कहा कि हमें बार-बार लोगों को समझना होगा कि डिजिटल अरेस्ट नाम का सरकार में कोई भी प्रावधान नहीं है। यह सरासर झूठ है, लोगों को फसाने का एक षड्यंत्र है। यह प्रसन्नता का विषय है कि देश के युवा जागरूकता के इस काम में पूरी संवेदनशीलता से हिस्सा ले रहे हैं और दूसरों को भी प्रेरित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि मन की बात देश के सामूहिक प्रयासों, उपलब्धियों, जन-जन के सामर्थ्य, युवा सपनों और देश के नागरिकों की आकांक्षाओं की बात है। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में एनसीसी से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि यह किसी भी कैरियर के लिए व्यक्तित्व निर्माण में सहायक है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बताया कि 11-12 जनवरी को दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का आयोजन हो रहा है। इसमें गांव, ब्लॉक, जिलों, राज्यों से लगभग दो हजार युवा भाग लेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि समाज को सशक्त बनाने में पुस्तकालयों की महत्वपूर्ण भूमिका है। युवाओं को भी किताबों से दोस्ती करने के लिए पहल करना चाहिए। उन्होंने ओरल हिस्ट्री प्रोजेक्ट के संबंध में भी चर्चा की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील होने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि बायोडायवरसिटी बनाए रखने में गौरेया (स्पेरो) पक्षी का विशेष महत्व है। इस पक्षी की वापसी के लिए विभिन्न राज्यों में अनोखे प्रयास हो रहे हैं। अपने आसपास और सभी के ऐसे प्रयास करने से गौरेया फिर से हमारे जीवन का हिस्सा बन सकती है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सरकारी दफ्तरों में पुरानी फाइलों और स्क्रेप को हटाने के लिए चलाए गए विशेष स्वच्छता अभियान का उल्लेख भी किया तथा प्लास्टिक वेस्ट और अनुपयोगी समझीं जाने वाली चीजों को री-साईकल कर कचरे से कंचन बनाने के विचार को अमल में लाने की अपील भी की।



## हमें भारत के गौरव को फिर से पेश करना होगाः मोहन भागवत

**हैदराबाद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने भारतीय संस्कृति के उत्थान पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत के भूले हुए गौरव को फिर से पेश किया जाना चाहिए। हैदराबाद में लोकमंथन 2024 में मोहन भागवत ने देश के विज्ञान के महत्व पर बात की। इस दौरान उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के उपयोग में नैतिकता पर जोर देने वाले वैज्ञानिकों का भी उदाहरण दिया।



### मोहन भागवत ने भारतीय संस्कृति के उत्थान पर दिया जोर

मोहन भागवत ने कहा कि भारत की मूल्य प्रणाली व्यक्ति की बुद्धिमता पर जोर देती है। मुद्दों के प्रति भारत के दृष्टिकोण में तर्क और बुद्धि है। ऐसे में देश को समस्याओं के लिए अन्य दृष्टिकोणों का पालन करने की जरूरत नहीं है। भारत विदेशों से अच्छी चीजें ले सकता है लेकिन इसकी अपनी आत्मा और संरचना होनी चाहिए।

भागवत ने कहा कि हमें सनातन धर्म और संस्कृति को समकालीन रूप देने के बारे में सोचना होगा। इसके लिए हमें भारत के भूले हुए गौरव को फिर से पेश करना होगा।

भागवत ने कहा कि विविधता में भी एकता का समावेश है। एकता है तो सब अपना है। सब सुखी होंगे तो हम भी खुश होंगे। उन्होंने कहा कि एक समय में देश में सभी संसाधनों पर समाज का स्वामित्व था, लेकिन फिर विदेश शासक आए और हमारे संसाधनों पर कब्जा कर लिया। इसके चलते हम ऐसी स्थिति में पहुंच गए। हम इसलिए ऐसे हुए क्योंकि हम अधर्मपति हो गए थे। हम अपना स्वाभिमान गवां बैठे। अपने जीवन का लक्ष्य भूल गए। मगर अब हमको अपने धर्म को अपनाने की जरूरत है। इसके लिए हमको संस्कृति को सहेजना होगा।

## चुनाव में कांग्रेस की हार चौंकाने वालीः पृथ्वीराज

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन की आंधी चली। महाराष्ट्र में महायुति ने राजनीति की नई कहानी रच दी। भगवा आंधी में भाजपा, शिवसेना, एनसीपी (अजीत) ने 80% सीटें जीत लीं। इसी साल हुए लोकसभा चुनाव के उलट नतीजों ने अब कांग्रेस को सोंचने पर मजबूर कर दिया है। महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन की बंपर जीत के बाद तमाम कांग्रेसी नेताओं ने इसे चौंकाने वाली हार करार दिया है। इसी क्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि राज्य विधानसभा चुनाव में यह कांग्रेस की अब तक की सबसे खराब हार है। चव्हाण ने कहा कि उन्हें सतारा जिले की कराड दक्षिण



सीट पर 5,000 से 6,000 वोटों से जीत की उम्मीद है। लेकिन, यहां हार का सामना करना पड़ा। बता दें कि भाजपा के अतुल भोसले ने कराड दक्षिण में उन्हें 39,355 वोटों के अंतर से शिकस्त दी है। कराड दक्षिण सीट से हारने को लेकर उन्होंने कहा कि ह कहना ठीक नहीं है कि भाजपा की लहर थी।

चव्हाण ने कहा कि उन्होंने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महाराष्ट्र प्रभारी रमेश चेन्निथला से बात की है, जो कांग्रेस नेतृत्व के साथ राज्य के नतीजों पर चर्चा करने के लिए दिल्ली रवाना हो गए हैं। उन्होंने बताया कि वे अभी दो दिनों तक कराड में रहेंगे और लोगों से मिलेंगे।

इस दौरान पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए महायुति सरकार की लाड़की बहिन योजना उनके पक्ष में रही। इस योजना के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता महायुति के प्रति आकर्षित हुए। इसके साथ ही ध्रुवीकरण ने राज्य के शहरी हिस्सों में मतदाताओं को प्रभावित किया। बता दें कि एमवीए गठबंधन के साथ कांग्रेस ने राज्य की 101 सीटों पर अपने उम्मीदवारों को चुनावी मैदान में उतारा था। 101 सीटों में मात्र 16 सीटों पर ही कांग्रेस जीत दर्ज कर पाई है।

## संसद सत्र पर सर्वदलीय बैठक

**नई दिल्ली।** सोमवार से संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत होने वाली है, उससे पहले केंद्र सरकार ने रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई। इस बैठक में संसद के शीतकालीन सत्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए पार्टियों के बीच सहमति बनाने की कोशिश की गई। सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस ने अदाणी समूह के खिलाफ रिश्वतखोरी के आरोपों पर चर्चा की मांग की। इससे साफ है कि विपक्ष शीतकालीन सत्र में भी इस मुद्दे को उठाएगा, जिससे संसद सत्र के काफी हंगामेदार रहने के आसार हैं, लेकिन महाराष्ट्र चुनाव में जीत के बाद यकीनन सत्ताधारी भाजपा को थोड़ा आत्मविश्वास जरूर मिला होगा।

## राज्यपाल से मिले हेमंत सोरेन, दोबारा सरकार बनाने का पेश किया दावा

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत से जीत हासिल करने के बाद सीएम और झामुमो प्रमुख हेमंत सोरेन ने नई सरकार के गठन की तैयारी शुरू कर दी है। वह रविवार को झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से मिलने पहुंचे। राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात के बाद हेमंत सोरेन ने सरकार बनाने का दावा पेश किया। सीएम हेमंत सोरेन ने अपना इस्तीफा राज्यपाल को सौंपा। इसके साथ ही नई सरकार बनाने के लिए इंडिया गठबंधन के विधायकों का समर्थन पत्र भी सौंपा। उनके साथ इंडिया गठबंधन के नेता भी मौजूद रहे।



झारखंड के सीएम और जेएमएम के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने कहा कि 28 नवंबर को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा। हमने इंडिया गठबंधन सरकार बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। हमने राज्यपाल के सामने सरकार बनाने का दावा पेश किया है। मैंने उन्हें अपना इस्तीफा भी सौंप दिया है.। कांग्रेस और आरजेडी प्रभारी भी मेरे साथ मौजूद रहे। उन्होंने मुझे कार्यवाहक मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी सौंपी है।

इससे पहले इंडिया गठबंधन के विधायकों की बैठक हुई। इसमें हेमंत सोरेन को सदन का नेता चुना गया।

## हमें अभी काफी काम करने की जरूरतः पवार

**मुंबई।** एनसीपी शरद गुट के प्रमुख शरद पवार ने महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी की हार स्वीकार की है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद अब काफी अधिक आश्वस्त हो गए थे, लेकिन महाराष्ट्र के परिणाम के बाद लगता है कि हमें अभी काफी काम करने की जरूरत है। कराड में शरद पवार ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजे उम्मीद के मुताबिक नहीं रहे। हम कारणों का अध्ययन करेंगे और लोगों के पास जाएंगे। यह लोगों का फैसला है। बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी महाराष्ट्र चुनाव में महायुति की जीत का कारण हो सकती है।

## कंगना रनौत का उद्धव ठाकरे पर हमला

**शिमला।** पदकपभाजपा सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति की जीत के बाद शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश को तोड़ने की बात करने वालों को जनता से सबक सिखाया है। कांग्रेस को जनता ने जवाब दिया है। बलिदान देकर ये देश बना है। कुछ मूर्खों के इकट्ठे हो जाने से देश के टुकड़े नहीं हो सकते। हिमाचल के भुंतर हवाई अड्डे पर दिल्ली रवाना होने से पहले कंगना रनौत ने कहा कि महाराष्ट्र के लोगों ने विकास और स्थिर सरकार के लिए वोट दिया है। महायुति की जीत को लेकर हर कार्यकर्ता उत्साहित है। हमारी पार्टी की यह ऐतिहासिक है। हम पूरे महाराष्ट्र और पूरे देश की जनता का धन्यवाद करते हैं।

भाजपा आलाकमान जल्द ही अगले मुख्यमंत्री का फैसला करेगा। हमारी पार्टी की विचारधारा के तहत सीएम का चयन किया जाएगा। हमारे पास एक से बढ़कर नेतृत्व के लिए लोग हैं। मंडी से सांसद ने कहा कि प्रचार के दौरानमैंने हर बच्चे को मोदी-मोदी का नारा लगाते देखा।

## संभल में बवाल के बाद इंटरनेट सेवाएं ठप

**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल में मस्जिद पर दोबारा सर्वे को लेकर हुए पर विवाद ने रविवार को हिंसक रूप ले लिया। सर्वे के दौरान भीड़ ने पुलिस पर पथराव और आगजनी कर दी। जवाब में पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने और लाठीचार्ज करना पड़ा। घटना में बीस से अधिक पुलिस कर्मी और दो दर्जन लोग चोटिल हो गए। मुरादाबाद कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह ने तीन लोगों की मौत की पुष्टि की है। संभल में बवाल के बाद इंटरनेट बंद कर



दिया गया है। अगले 24 घंटे के लिए इंटरनेट बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया ने इस संबंध में निर्देश जारी किया है। कहा गया है कि संभल तहसील में अगले 24 घंटे तक इंटरनेट सेवाएं ठप रहेंगी। इसके साथ ही आठवीं तक के विद्यालय कल बंद रहेंगे। संभल बवाल के बीच बीस से अधिक पुलिसकर्मीजख्मी हुए हैं। इसमें से एक की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। पुलिसकर्मी का उपचार हायर सेंटर में चल रहा है। हिंसा में तीन युवकों की मौत हो गई है। भीड़ ने चंदौसी के सीओ की गाड़ी समेत कई वाहनों में तोड़फोड़ कर दी और आग लगा दी। पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े, लेकिन भीड़ काबू में नहीं आई। हालात बेकाबू होते देख पुलिस ने लाठीचार्ज और फायरिंग की तो भगदड़ मच गई। संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान भड़की हिंसा में तीन युवकों की मौत हो गई।

## गूगल मैप ने दिखाया मौत का रास्ता

**बरेली।** बदायूं के समरेर से फरीदपुर को जोड़ने के लिए बनाए गए रामगंगा के अधूरे पुल ने तीन लोगों की जान ले ली। बताया जा रहा है कि गूगल मैप से लोकेशन देखकर जा रहे सिक्योरिटी कंपनी के तीनों कर्मचारियों की कार रविवार तड़के बदायूं की ओर से चढ़कर पुल के नीचे गिर पड़ी। इससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। सुबह जानकारी पर दो जिलों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। नाव से शव लाकर फरीदपुर पुलिस ने शवों का पंचनामा कराया है। रविवार सुबह खल्लपुर गांव के लोग रामगंगा किनारे खेतों पर निकले तो उन्होंने दातागंज की ओर से अधूरे पुल के नीचे कार को पड़ा देखा। सूचना पर बरेली जिले के फरीदपुर व बदायूं के दातागंज की पुलिस पहुंच गई। सीओ फरीदपुर आशुतोष शिवम ने मौके पर जाकर जानकारी जुटाई तो घटनास्थल फरीदपुर क्षेत्र का ही निकला। तब फरीदपुर पुलिस जाकर शवों को नाव से ले आई। फरीदपुर इंस्पेक्टर राहुल सिंह ने मृतकों के पास मौजूद मोबाइल से जानकारी जुटाई तो फरीदपुर क्षेत्र से उनके रिश्तेदार पहुंच गए।

## अब ड्रोन से होगी वायु प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों की पहचान

**नई दिल्ली।** राजधानी के रिहायशी इलाकों में अवैध रूप से चलने वाली जींस रंगाई की फैक्ट्री, रेडी-मिक्स कंक्रीट (आरएमसी) प्लांट और इलेक्ट्रोप्लेटिंग इकाइयों पर गाज गिरेगी। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) अवैध फैक्ट्री और इकाइयों को लेकर ड्रोन से सर्वे कराने की तैयारी कर रहा है। औद्योगिक प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों की पहचान करने के बाद इन पर कार्रवाई कर जल्द बंद किया जाएगा। सर्वे तुखमीरपुर, करावल नगर, गोकुलपुरी, गाजीपुर, आली विहार और मीठापुर समेत 17 प्रदूषण के प्रमुख हॉटस्पॉट के साथ इनके आसपास के इलाके में होगा।

## उपचुनाव में सीटें गंवाने के बाद तेजस्वी बोले-2025 में बिहार जीतेंगे

**पटना।** बिहार उपचुनाव में तीन विधानसभा सीट गंवाने के बाद राष्ट्रीय जनता दल अब अगले चुनाव की तैयारी में जुट गई है। इसको लेकर पार्टी ने कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाई है। कार्यक्रम में कुछ नेता भी राजद में शामिल हुए। इसमें नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के साथ प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चैधरी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुलबारी सिद्दकी समेत पार्टी के सभी वरीय नेता शामिल हुए हैं। इस कार्यक्रम का नाम बदलो बिहार कार्यकर्ता मिलन समारोह का दिया गया है। रविवार को कार्यालय के कर्पूरी सभागार में बदलो बिहार कार्यकर्ता मिलन समारोह हुआ। इस समारोह के जरिए तेजस्वी यादव बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओं को तैयार रहने का संदेश दिया।

राजनीतिक पंडितों की मानें तो रामगढ़, बेलागंज और इमामगंज सीट राजद के खाते में थी। उपचुनाव परिणाम ने राजद से तीनों सीटें छीन ली। यह चौंकाने वाला था। इस कारण राजद कार्यकर्ता मिलन समारोह के लिए उपुचनाव में हार की समीक्षा कर रहा है। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर लालू यादव और तेजस्वी यादव अपने कार्यकर्ताओं को अभी से तैयारी में जुटने का मंत्र दिया। तेजस्वी यादव ने कहा कि 2024 में बिहार जीते। आने वाले 2025 में हमलोग बिहार भी जीतने वाले हैं।

## गौतम अदाणी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

### अमेरिका की ओर से लगाए गए आरोपों की जांच की मांग

**नई दिल्ली**

भारत के मशहूर उद्योगपति गौतम अदाणी पर अमेरिका की ओर से आरोप लगाए जाने के बाद भारत में धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार के मामले की जांच मांग की गई है। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है।

अधिवक्ता विशाल तिवारी ने अदाणी-हिंडनबर्ग विवाद में शेयर मूल्य में हेरफेर के आरोपों के मामले में एक अंतरिम आवेदन के रूप में याचिका दायर की है। तिवारी ने कह कि कि अदाणी के खिलाफ गंभीर आरोप हैं और भारतीय अधिकारियों द्वारा उनकी जांच की जानी चाहिए। याचिका में कहा गया है कि सेबी को जांच पूरी करके रिपोर्ट और निष्कर्ष को रिकॉर्ड पर रखकर भरोसा जगाना चाहिए। चूंकि सेबी की जांच में शॉर्ट सेलिंग के आरोप थे। इसका विदेशी अधिकारियों द्वारा लगाए गए मौजूदा आरोपों का संबंध हो सकता है सेबी की जांच रिपोर्ट में यह स्पष्ट होना चाहिए।

अमेरिकी न्याय विभाग ने न्यूयॉर्क की अदालत में दावा किया कि दिग्गज कारोबारी गौतम अदाणी और अन्य साथियों ने अपने फायदे के लिए निवेशकों के साथ धोखाधड़ी करने के लिए साजिश रची। अमेरिकी



अभियोजकों का आरोप है कि 2020 और 2024 के बीच अदाणी कंपनी और उसकी सहायक कंपनियों ने अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों और अमेरिका स्थित परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों से 200 करोड़ डॉलर से अधिक बैंक ऋण जुटाया। अदाणी और उनके सहयोगियों ने अमेरिकी निवेशकों की कीमत पर भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी के जरिये बड़े पैमाने पर राज्य ऊर्जा आपूर्ति अनुबंध हासिल करने और वित्तपोषित करने की साजिश रची। उन्होंने आंध्र प्रदेश और ओडिशा सरकार के अधिकारियों को महंगी सौर उर्जा खरीदने के लिए रिश्वत दी। इससे अदाणी समूह को अदाणी समूह को अगले बीस वर्षों में दो अरब डॉलर से ज्यादा का मुनाफा हो सकता था।

अदाणी समूह ने अमेरिकी न्याय विभाग और अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग की ओर से लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। अदाणी समूह ने कहा कि स्वयं अमेरिकी न्याय विभाग ने कहा है कि अभियोग में आरोप हैं और प्रतिवादियों को तब तक निर्दोष माना जाता है, जब तक कि वे दोषी साबित न हो जाएं। मामले में हरसंभव कानूनी सहारा लिया जाएगा। अदाणी समूह ने हमेशा अपने संचालन के सभी न्यायक्षेत्रों में शासन, पारदर्शिता और नियामकीय अनुपालन के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। हम अपने हितधारकों, भागीदारों और कर्मचारियों को आश्वस्त करते हैं कि हम एक कानून का पालन करने वाला संगठन हैं, जो सभी कानूनों का पूरी तरह से अनुपालन करता है।

# पिकनिक मनाने गए मासूम सहित डॉक्टर की गोपद नदी में डूबने से मौत

## नेहरू अस्पताल के तीन डॉक्टर व 2 विजिलेंस विभाग के अधिकारी का परिवार पिकनिक मनाने पहुंचे थे देउरदह घाट, नहाते समय हुआ हादसा

### मासूम का नहीं मिला शव, तलाश के लिए एसडीईआरएफ टीम खोजबीन में जुटी





**सिंगरौली।** लंघाडोल थाना से करीब 17 किलोमीटर दूर देउरदह घाट में पिकनिक मनाना नेहरू चिकित्सालय के डॉक्टर को भारी पड़ गया। रविवार को गोपद नदी में डूबने से एक मासूम सहित एक डॉक्टर की मौत हो गई। उनके साथ मौजूद लोगों ने डॉक्टर को नदी से बाहर निकाल लिया लेकिन 13 साल की मासूम नदी की तेज बहाव में बह गई। जिसकी तलाश के लिए जिले से एसडीआरएफ की टीम रवाना हुई है। इस हादसे के बाद लंघाडोल पुलिस मौके पर मौजूद हैं। यह हादसा कैसे हुआ पुलिस जांच में जुटी है।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार के दोपहर करीब 2.30 बजे नेहरू चिकित्सालय में पदस्थ तीन डॉक्टरों का परिवार पिकनिक मनाने देउरदह घाट पहुंचा था। बताया जाता है की एनसीएल के 3 डॉक्टर व 2 विजिलेंस विभाग के अधिकारी का परिवार रविवार को पिकनिक मनाने लघाडोल के गोपद नदी के देऊरदह घाट के किनारे आए हुए थे। जिसमें रिटायर डॉ प्रवीण मुंडा, डॉ हरीश सिंह पिता योगेंद्र सिंह, डॉ डी जे बोरा, विजिलेंस विभाग से सुनील कुमार पिता सुभाष कुमार एवं पी के भंडारी उर्फ प्रवीण कुमार शामिल थे। पिकनिक के दौरान रिटायर्ड एमबीबीएस डॉक्टर प्रवीण मुन्डा की 13 वर्ष की बच्ची प्रेरणा ट्यूब के सहारे तैरते हुए गहरे पानी में चली गई। जिसे बचाने गए डॉ प्रवीण मुंडा,डॉ हरीश सिंह व डॉ डी जे बोरा भी डूबने लगे। गोपद नदी में नहाने के दौरान प्रेरणा मुंडा पिता प्रवेश मुंडा उम्र 13 वर्ष पानी के तेज बहाव में डूबने लगी। जिसे बचाने के लिए डॉक्टर हरीश सिंह पिता योगेंद्र सिंह उम्र 40 वर्ष नदी में उतर गए लेकिन जैसे ही वह नदी के गहने पानी में पहुंचे वह खुद डूब गए। इसके बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। इस दौरान परिजनों ने डॉ. हरीश सिंह को तो नदी से निकाल लिया लेकिन मौत हो चुकी थी। वहीं प्रेरणा पानी की तेज बहाव होने से बह गई। घटना के बाद लंघाडोल थाना प्रभारी पुष्पेन्द्र धुर्वे अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वहीं प्रेरणा की तलाश के लिए एसडीईआरएफ की टीम तलाश में जुट गई है। टीम का नेतृत्व उनि होम गार्ड दलवीर सिंह विश्वकर्मा द्वारा किया जा रहा है।

**नेहरू अस्पताल के डॉक्टर परिवार के साथ गए थे पिकनिक मनाने**

बताया जा रहा है कि नेहरू अस्पताल के डॉ हरीश सिंह पिता योगेंद्र सिंह, डॉक्टर प्रवीण मुंडा पिता प्रफुल्ल मुंडा और डॉक्टर ध्रुव बोरा पिता दिलीप कुमार अपनी दो नाबालिक लड़कियों को लेकर पिकनिक मनाने गए थे। गोपद नदी में नहाने के दौरान प्रेरणा मुंडा पिता डॉ प्रवीण मुंडा और डॉ हरीश सिंह पानी में नहाने के लिए नदी में उतरे। इस दौरान मासूम प्रेरणा पानी के तेज बहाव में डूबने लगी। जिसे बचाने के लिए डॉक्टर हरीश सिंह गहरे पानी में उतर गए और दोनों पानी में डूब गए। बताया जा रहा है कि यह परिवार कई सालों से यहां पिकनिक मनाने जा रहे थे।

**प्रेरणा का नहीं मिला शव**

बता दे की प्रेरणा मुंडा पिता प्रवीण मुंडा का शव अभी तक नहीं मिला है। जिसे एसडीईआरएफ की टीम मौके पर पहुंच तलाश शुरू कर दी है। दरअसल गोपद नदी के किनारे देउरदह घाट में बड़ी संख्या में लोग पिकनिक और पार्टी मनाने के लिए पहुंचते हैं लेकिन सुरक्षा व्यवस्था का यहां अभाव बना हुआ है। प्रशासन की ओर से इस क्षेत्र में कोई भी इंतजामात नहीं किए गए हैं। जिसके कारण अक्सर लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। अधिकतर दुर्घटनाएं शराब के नशे में होने के कारण हो रही हैं। हालांकि प्रशासन ने न तो शराब पीने पर रोक लगाई गई है और न ही सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं।

# अनियंत्रित स्कार्पियो पेड़ से टकराई, पांच घायल

### कुंदवार चौकी क्षेत्र की घटना



**सिंगरौली।** जियावन थाना क्षेत्र के कुंदवार चौकी अंतर्गत कर्दा खुसेड़ी रोड पर विगत दिवस तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन ग्राम परसोहर से सीधी तरफ जा रहा था। जैसे ही कर्दा के पांच पहुंचा तो अनियंत्रित स्कार्पियो पेड़ से टकरा गई। जहां स्कार्पियो में सवार पांच लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। घटना की जानकारी लोगो ने कुंदवार चौकी पुलिस को दी। सूचना उपरांत कुंदवार चौकी प्रभारी बालेन्द्र त्यागी दल बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। जहां घायलो को उपचार के लिए सीएचसी देवसर भिजवाया। वहीं वाहन चालक चंद्र बहादुर पिता बृहस्पति निवासी परसोहर घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि स्कार्पियो वाहन चालक कर्दा में पांच लोगो को बैठाकर तेज रफ्तार स्कार्पियो को चलाते हुए सीधी की ओर जा रहा था। स्कार्पियों वाहन में सवार राजेश साकेत पिता बंम्मोली साकेत उमर 40 वर्ष निवासी कर्दा,रामकली सिंह पति कैमला सिंह सिंह गोड उम्र 30 वर्ष निवासी कर्दा,राजमती साकेत पति मोहन साकेत कुमार 25 वर्ष निवासी कर्दा ,रमेश साकेत प्रताप बुद्ध सन साकेत उमर 23 वर्ष 23 निवासी कर्दा ,बुद्ध सेन साकेत पिता छतदारी साकेत उम्र 45 वर्ष निवासी कर्दा सभी को चौकी की गाड़ी से अस्पताल देवसर रवाना करवा दिया गया था। जो उपचार के बाद ठीक बताए जा रहे है। वहीं कुंदवार चौकी पुलिस वाहन को जब्त करते हुए चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में जुट गई है।

# बूथ समिति की पचखोरा में बैठक आयोजित

### प्रधानमंत्री के मन की बात को सामूहिक रुप सुना गया



**सिंगरौली।** बूथ समितियों के निर्वाचन के बाद प्रथम बार बूथ समितियों की बैठकें जिले भर के बूथों पर आयोजित की गईं । साथ ही समस्त बूथों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का श्रवण सामूहिक रूप से किया गया। ये बूथों की बैठक तथा मन की बात कार्यक्रम का आयोजन जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता के निर्देशानुसार किया गया। भारतीय जनता पार्टी के संगठन का पुनर्गठन चल रहा है। जिसमें सक्रिय सदस्यता के बाद समस्त बूथो की समितियों का नवगठन लगभग पूर्ण हो चुका है तथा नवीन समितियों के गठन के पश्चात ये पहली बैठक आयोजित हुई है। जिसमें बैठकों के साथ ही मन की बात कार्यक्रम का श्रवण सामूहिक रूप से किया गया। बूथ समितियों की बैठकों के क्रम में वार्ड क्रमांक 30 पचखोरा में बूथ क्रमांक 127 में बूथ समिति की प्रथम बैठक विधायक रामनिवास शाह के मुख्य आतिथ्य तथा नवनिर्वाचित बूथ अध्यक्ष राम जियावन शाह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जहां विशिष्ट अतिथि के रुप में निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय, जिला महामंत्री सुंदरलाल शाह उपस्थित रहे। समिति की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया तथा समस्त कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों ने मन की बात कार्यक्रम का अनुश्रवण किया। बैठक में विभिन्न सांगठनिक विषयों तथा नवनिर्वाचित समिति के सदस्यों को उनके आगामी करणीय कार्यों से अवगत कराया गया तथा आगामी संगठन चुनावों के बारे में चर्चा की गई। बैठक का संचालन बूथ समिति के महामंत्री हरिओम पांडेय ने किया।

# अनियंत्रित रेत से लोड ट्रक ने बाइक सवार छात्र को कुचला, घटना स्थल पर दर्दनाक मौत

### आक्रोशित लोगों ने किया सडक़ जाम

### 10 घंटे तक चला बवाल, एक लाख नगद व 4 लाख आर्थिक सहायता राशि देने का आश्वासन

### मौके पर थाना प्रभारी सहित तहसीलदार रहे मौजूद



**सिंगरौली।** सरई थाना के निवास चौकी क्षेत्र अंतर्गत मेंन रोड स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सामने सडक़ हादसे में एक छात्र की मौत हो गई। हादसा स्कूल गेट के पास की है,जहां दसवीं पढ़ रहा छात्र बाल कटवाने रहा था। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सरई मुख्य मार्ग करीब 10 घंटे से ज्यादा समय तक जाम रखा। वहीं परिजन मुआवजा राशि के साथ परिवार की एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की। इस दौरान परिजनों को मनाने और जाम खुलवाने के लिए तीन थानों की पुलिस लगी रही। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को मृतक गौरव जायसवाल पिता गोरेलाल जैसवाल निवासी निगरी घर से बाल कटवाने के लिए स्कूटी से निकला था। वह उत्कृष्ट विद्यालय के सामने पहुंचा उस दौरान रेत से लोड ट्रक की चपेट में आ गया,जिससे मौके पर उसकी दर्दनाक मौत हो गई। सडक़ हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने मुख्य सडक़ को जाम कर दिया। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर तहसीलदार,सरई थाना प्रभारी शेषमणि पटेल, जियावान थाना प्रभारी राजेंद्र पाठक, निगरी चौकी प्रभारी विनय शुक्ला ने परिजनों सहित स्थानीय लोगों को शांत कराया। हालांकि करीब 10 घंटे से अधिक सरई सीधी मुख्य मार्ग का आवागमन बंद रहा। वहीं परिजनों ने 50 लाख मुआवजा राशि सहित मृतक परिवार के सदस्य को नौकरी की मांग करते रहे। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित स्थानीय लोगों ने आए दिन हो रहे हादसों को रोकने के लिए नो एंट्री लगाने की भी मांग की है।

सडक़ हादसे में मृतक के परिजन 50 लाख रुपए नगद और परिवार के एक सदस्य को नौकरी की माफ की है। वही जिला प्रशासन ने हाईवा मलिक सहित रेत ठेकेदार से नगद एक लाख रुपए की सहायता राशि दिलाई हैं वहीं मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना के तहत मृतक परिवार के परिजनों को चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि देने की बात कही हैं। लेकिन परिजन अभी भी मिल रही आर्थिक सहायता राशि से संतुष्ट नहीं हैं।

# टीकट गांव में महिला ने लगाई फांसी, मौत

सिंगरौली

जियावन थाना क्षेत्र के कुंदवार चौकी अंतर्गत टीकट गांव में एक महिला ने घर के बाहर अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कौशल्या यादव पति कमलेश्वर यादव उम्र 42 वर्ष निवासी टीकट चौकी कुन्दवार ने शनिवार-रविवार की दरमियानी रात घर के बाहर पेड़ में फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर लिया है। सुबह जब परिजनों ने महिला का शव पेड़ पर लटकता देखा तो इसकी जानकारी कुंदवार चौकी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची कुंदवार पुलिस ने शव को फांसी के फंदे उतरवाकर पंचनामा प्रक्रिया उपरांत पीएम के लिए रवाना कर दिया। इधर बताया जा रहा है कि करीब एक माह पहले मृतिका के एक लडक़े पंजाब में ट्रेन से कटकर मौत हो गई थी। जिसको लेकर मृतिका परेशान रहती थी। वहीं कुछ दिनो से बीमार भी चल रही थी। वहीं पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना में ले लिया है।

# पुलिस ने आत्महत्या दुष्प्रेरण के आरोपी को किया गिरफ्तार

### गढ़वा पुलिस ने कारवाही कर भेजा जेल



**सिंगरौली।** गढवा पुलिस ने आत्महत्या दुष्प्रेरण के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना के संबंध में गढ़वा थाना प्रभारी अनिल कुमार पटेल ने बताया कि 4 नवंबर को दीना पाल निवासी ग्राम ठठरा के द्वारा सूचना दी गई कि मेरी छोटी बहन शर्मिला पाल की शादी ग्राम पनवार में 17 वर्ष पूर्व की गई थी। जहां सूचना मिला है कि मेरी बहन की मृत्यु हो गई और मेरा जीजा व उसके गांव परिवार के लोग सोन नदी तरफ जलाने को लेकर गए हैं। सूचना पर तत्काल गढ़वा पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर घटना की जांच की गई और अधजले शव को सोन नदी से बरामद किया गया। जहां पंचनामा की कार्यवाही कर शव एसजीएमएच रीवा से पीएम कराया गया। वहीं जांच के दौरान पाया गया मृतिका आरोपी देवी पाल के घंर के अंदर छत में लगे लोहे के रिंग में रस्सी बांध कर फांसी लगा ली थी। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। मृतिका के मायके पाक्ष के मां और छोटे भाई ने बताया कि मृतिका घटना दिनांक को सुबह फोन पर बतायी थी कि उसका पति उसके साथ मारपीट कर प्रताड़ित किया है। घटना की संपूण जांच व पीएम रिपोर्ट पर प्रकरण कायम कर आरोपी देवी पाल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां न्यायालय से जेल भेज दिया गया। उक्त कारवाही में निरी.अनिल कुमार पटेल,उन सुरेश शर्मा,सीके प्रजापति,सउनि शिवाकांत बागरी,रामचरण सतनामी,प्रआर गरुण प्रसाद,राजबहोर रावत,आर. महफुज खान,विजय यादव,अमित यादव, अजीत उपाध्याय,जयप्रकाश पाल,चंदन व महेश की भूमिका रही।

# 21. 25 लाख रुपए की लागत से श्रीराम कॉलोनी में बनेगी पीसीसी सड़क



**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के वार्ड क्रमांक 38 श्रीराम कॉलोनी में 21.25 लाख रुपए की लागत से पीसीसी सडक़ का निर्माण कार्य होगा। जिसका आज रविवार को वार्ड पार्षद एवं अपीलीय समिति सदस्य अनिल कुमार वैश्य विधिवत पूजा अर्चना करते हुए भूमि पूजन किया। वार्ड पार्षद श्री वैश्य ने कहा कि पीसीसी सडक़ बन जाने से श्री राम कालोनी वासियों को सहुलियत होगी। कच्चा रास्ता होने की वजह से लोगों को आवागमन में बहुत सारी समस्याएं होती थी और अब पीसीसी सडक़ भूमि पूजन हो जाने से कॉलोनी वासियों को चेहरे पर खुशी देखने को मिला। उक्त अवसर पर एड. अवनीश कुमार दूबे, दिनेश वैस,नागेंद्र सिंह, विजय मिश्रा,राजू गुप्ता, लालजी वर्मा, लालबहादुर साकेत,राम नारायण शाह ,मुकेश झा, दिवाकर वैस, विजय श्रीवास्तव, अजय पाण्डे, संविदाकार लक्ष्मी कांत दुबे सहित वार्डवासी मौजूद रहे।

# कांग्रेस कमेटी 26 नवंबर को मनाएगी संविधान दिवस की 75वी वर्षगांठ

**सिंगरौली।** जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली शहर अध्यक्ष अरविंद सिंह चंदेल ने जानकारी देते बताया गया कि प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार 26 नवंबर को भारत के संविधान की 75वीं वर्षगांठ को पर्व के रूप में मनाया जाना सुनिश्चित हुआ है। संविधान निर्माता बाबासाहेब डा.भीमराव अंबेडकर ने कांग्रेस के साथ मिलकर देश की अखंडता, संप्रभुता,एकता एवं समानता को कायम रखते हुए संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हमारे संविधान का महत्व, उसकी रक्षा, जाति जनगणना, समानता एवं सामाजिक मुल्यों के प्रति जागरूकता के लिए जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली शहर एवं ग्रामीण के संयुक्त नेतृत्व में अंबेडकर भवन निगाही में 26 को 12 बजे से बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर मल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित करने के पश्चात संविधान दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया है।

# शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय झारा की पठन पाठन व्यवस्था चौपट

### शिक्षक रहते हैं गायब, विद्यालय में अव्यवस्थाओं का आलम

### प्रभारी प्राचार्य की कार्यप्रणाली को लेकर खड़े हो रहे सवाल

**सिंगरौली।** जिले के सरई तहसील अंतर्गत शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल झारा में अव्यवस्था का आलम है। जहां विभागीय अधिकारी भी नहीं पहुंच पा रहे हैं। झारा का हायर सेकेंडरी स्कूल मुख्य सडक़ से करीब 3 किलोमीटर दूर अंदर है। इसी का फायदा विद्यालय के शिक्षक व प्रभारी उठा रहे हैं। विद्यालय में अध्ययन रत बच्चों का आरोप है कि सभी शिक्षक किसी भी दिन उपस्थित नहीं रहते हैं । वहां खेलकूद भी नहीं कराया जाता है न ही विद्यालय में खेल सामग्री उपलब्ध है। विद्यालय की बजट को फर्जी बिल लगाकर प्रभारी व उनके सहयोगी शिक्षक आहरण कर रहे हैं।

गौरतलब हो कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झारा में पेयजल संकट गंभीर रूप से व्याप्त है। बच्चों के पानी पीने के लिए केवल एक पुराना हैंडपंप है। जिसका पानी पीने योग्य नहीं है। वह इकलौता हैंडपंप जंग युक्त पानी दे रहा है। जिसका पानी पीने से बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। जबकि शिक्षक स्वयं के पीने के लिए दूसरे जगह से पानी बाल्टी से मंगाकर पी रहे हैं। झारा विद्यालय में कक्षा 9वी से 12वीं तक के बच्चे पढ़ रहे हैं। जहां एक भी शौचालय उपयोग के लायक नहीं है। जबकि बालक बालिकाओं के लिए अलग-अलग 2-2 शौचालय होने चाहिए। विद्यालय के स्टाफ से जब शौचालय की



जीर्णशीर्ण हालत के बारे में पूछा गया तो उनके द्वारा बताया गया कि विद्यालय में सबमर्सिबल पंप नहीं है। जिससे शौचालय की हालत खराब है। टॉयलेट रूम में कचरा भरा हुआ एवं गुटखा पान तंबाकू का पिक देखा गया है। यदि सरकारी विद्यालय में मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के निर्देशों का पालन नहीं हो रही है तो कहां होगी। यह बताना मुश्किल है। झारा विद्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत एक भी पौधे नहीं लगाए गए हैं । जबकि विद्यालय में पढ़ रहे बच्चे कल भारत देश के भावी नागरिक होंगे। यदि उनको आज पर्यावरण या देश के हित अनहित ही जानकारी नहीं दी जाएगी तो वो कल कैसे जनहित देशहित में काम करेंगे।

**खंडहर में तब्दील हो चुका है झारा विद्यालय**

बताते चले कि लोग जिस तरह से हर वर्ष अपने घर आंगन की साफ -सफाई पुताई करते हैं उसी तरह से विद्यालय एक शिक्षा मंदिर है। जिसका पुताई रंगीई हर वर्ष होनी चाहिए। पर झारा विद्यालय में नही दिख रही है। विद्यालयों में सरकार द्वारा चपरासी रखी गई है। जिससे कक्षाओं की साफ -सफाई नियमित रूप से हो सके। लेकिन झारा हायर सेकेंडरी में उल्टा चल रहा है। मिली जानकारी चपरासी द्वारा कक्षाओ की साफ -सफाई नहीं की जाती है। जहां कचरो का अंबार लगा हुआ है। यदा कदा छात्र स्वयं अपने कक्षाओं की साफ -सफाई करते हैं।

**प्रभारी प्राचार्य की उदासीन कार्य प्रणाली**

बताया जा रहा है कि झारा हायर सेकेंडरी के प्राचार्य केवल झांखी हैं। कर्ताधर्ता दूसरे शिक्षक हैं। प्राचार्य महिपाल सिंह से मिली जानकारी के मुताबिक विद्यालय से संबंधित सभी वित्तीय कार्य पटेल जी देखते हैं। यहां के प्रभारी का कोई नहीं सुनता है। जहां बिना मालिक का फौज वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। ऐसा माहौल विद्यालय में देखने को मिल रहा है।

**विद्यालय में नहीं है बाउंड्रीवाल**

जिले के सभी छोटे-छोटे विद्यालयों में विद्यालय परिसर का बाउंड्री वॉल बन चुके हैं। लेकिन झारा हायर सेकेंडरी का बाउंड्री वॉल नहीं बना है, यह चिंता की विषय है। विद्यालय में बाउंड्रीवाल न होने से विद्यालय परिसर में आवारा तत्व प्रवेश कर जाते हैं,जिससे विद्यालय का माहौल खराब होता है । इसके अलावा पालतू जानवर भी विद्यालय परिसर में कचरा फैलाते देखे जा रहे हैं। बच्चे भी विद्यालय से बाहर मनमानी तरीके से आ-जा रहे हैं। जिसके लिए विद्यालय परिवार किसी तरह से कोशिश नहीं कर रही है। यह तो जांच का विषय है।

**कक्षाओं का कोर्स पीछे**

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झारा की पठन-पाठन व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है। विद्यालय में नियमित रूप से कक्षाएं संचालित नहीं हो पा रही हैं । आए दिन कोई न कोई शिक्षक गोल रहते हैं। बच्चों का कोर्स भी पीछे चल रहा है। बोर्ड परीक्षाओं का रिजल्ट भी बेहतर नहीं है। बीते सत्र में बोर्ड के काफी बच्चे फेल हैं। जो यह दर्शाता है कि उक्त विद्यालय की शैक्षिक स्तर सही नहीं है। तिमाही परीक्षा के आए पेपर में बिना पढ़ाई हुई कोर्स का प्रश्न आए थे। जिस बच्चे हल नहीं कर पाए। वहीं बताया जा रहा है कि गुरुओं के साथ-साथ शिष्य भी गुटखा पान तंबाकू खाने से कोई परहेज नहीं कर रहे हैं।

**ड्रेस में नहीं आते हैं बच्चे**

शासन द्वारा बच्चों को गणवेश, छात्रवृत्ति, साइकिल लैपटॉप आदि निःशुल्क दी जाती है। जिससे प्राइवेट स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की तरह शासकीय स्कूल के बच्चे भी ड्रेस में विद्यालय आ सकें। जिससे उनका मनोबल ऊंचा बना रहे। विद्यालय प्रबंधन द्वारा बच्चों में किसी तरह की जागरूकता नहीं फैलाई जा रही है। ड्रेस का महत्व बच्चे नहीं समझ पा रहे हैं न ही ड्रेस में आने के लिए विद्यालय प्रबंधन द्वारा बच्चों को निर्देशित किया गया है।

# मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद के 150 लाख रूपयों से होगा गोपालदास मंदिर का भव्य कायाकल्पः रीती

## सीधी विधायक ने गोपालदास मंदिर के उन्नयन कार्य हेतु किया भूमि पूजन





**सीधी।** विधायक सीधी रीती पाठक ने गोपालदास मंदिर में उन्नयन कार्य हेतु मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद के माध्यम से स्वीकृत 150 लाख रूपये का भूमि पूजन किया और कहा कि आने वाले समय में गोपालदास मंदिर का स्वरूप भव्य और दिव्य के साथ सीधी के गौरव का एक पर्याय होगा। गोपालदास मंदिर बहुत ही प्राचीन मंदिर है जहाँ पर महान संत श्री गोपालदास जी महाराज ने अपनी साधना की थी, यहां की दिव्यता और भव्यता देखते बन रही है किन्तु आज आवश्यकता है कि इसका ऐसा कायाकल्प किया जाय जिससे यह एक देवालय के साथ-साथ भव्य पर्यटन का भी स्वरूप ले सके। उन्होंने कहा कि यह तो मेरा सौभाग्य है कि इस दिव्य मंदिर में सहयोग सेवा का अवसर मुझे प्राप्त हुआ है, सीधी विधानसभा क्षेत्र की मै वर्तमान विधायक हूं इस नाते मेरा यह कर्तव्य भी बनता है कि सीधी को एक अच्छा जिले के रूप में स्थापित कर सकूं क्योंकि सीधी एक जिला मुख्यालय है जहां दूर-दूर तक के लोग सीधी आते हैं और जब इस प्रकार के भव्यता और दिव्यता को देखेगें तो कही न कही उन्हे भी अच्छा महसूस होगा। सीधी विधायक ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जिस प्रकार से देश के विकास की चिंता की है उसी प्रकार से हमारे प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव ने भी कहा कि आप विकास कार्य करो आपके विकास में कभी किसी प्रकार की बजट आड़े नही आयेगा। ऐसे नेतृत्व के लिये मै धन्यवाद ज्ञापित करती हूं जो आज पूरे देश को आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिये सजग और संकल्पित किया है ये उनकी दृढ़ निश्चय ही है जो देश को पूरे विश्व में एक अलग पहचान दिला रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह परिहार, देव कुमार सिंह, के के तिवारी, देवेन्द्र सिंह मुन्नू, विश्वबंधु धर द्विवेदी, प्रमोद द्विवेदी, डॉ देवेन्द्र त्रिपाठी, पुनीत नारायण शुक्ला, सुधीर शुक्ला, संदीप द्विवेदी, पुष्पराज सिंह चौहान, मुनिराज विश्वकर्मा, सूर्य प्रताप सिंह, रोहित मिश्रा, आनंद परियानी, योगेंद्र सिंह, बाबू लाल कुशवाहा, पंकज पाण्डेय, सुनीता रानी वर्मा, विभा शर्मा, मनीला सिंह, राकेश मौर्य, अजीत वर्मा, अन्नू पाण्डेय, निशा सिंह, कंचन केसरी, विनोद सिंह, महेन्द्र वैस एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# विद्युत पेंशनर्स का धरना आज

**सीधी।** दिनांक 25 नवंबर को विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ सीधी द्वारा 15 सूत्रीय मांगो के निराकरण हेतु धरना प्रदर्शन के पूर्व हनुमान जी की असीम कृपा कंपनी प्रशासन के सद्बुद्धि एवं विवेक के लिए सुंदरकांड का पाठ 10:00 बजे अधीक्षण अभियंता संचालन एवं संधारण सिद्धि के कार्यालय के सामने प्रारंभ किया जाएगा सीधी वृत्त के समस्त विद्युत पेंशनरों एवं परिवार पेंशनर से विनम्र अनुरोध है कि दिनांक 25 नवंबर को सुंदरकांड के पाठ एवं क्रमिक धरना प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या बल पर पहुंचे ताकि आपके 15 सूत्रीय मांग के निराकरण के लिए सहयोग प्रदान करें। 15 सूत्री मांग पत्र राज नारायण सिंह मीटर वाचक का वर्ष 1998 से वेतन वृद्धि का भुगतान मोहनलाल अग्निहोत्री पेंशनर सेवा निवृत जुलाई 24 का बकाया पेंशन का भुगतान भगवत प्रसाद शुक्ला पेंशनर मां जून 24 के बाद अर्जित अवकाश नदीकरण का भुगतान मोहन केवट फैसला का माह अक्टूबर 22 एवं नवंबर 22 का वेतन भुगतान विद्युत कृष्णा नीरज प्रसाद कुशवाहा एवं समय लाल कुशवाहा वर्ष 2021 में सेवानिवृत हुए थे जीटी आई यस का भुगतान माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर की याचिका क्रमांक 22261 वर्ष 2023 निर्णय दिनांक 29 अगस्त 2024 की परिपालन में 10 नंबर विद्युत पेंशनर्स की जीपीएफ की कटौती का भुगतान स्वर्गीय आर कटिया कनिष्ठ अभियंता मरणोपरांत उपादान से सात नंबर वेतन वृद्धि की वसूली का भुगतान मुख्य अभियंता रीवा क्षेत्र रीवा की निर्देश पत्र क्रमांक 3786 जीव दिनांक 18 सितंबर 2024 के निर्देशानुसार 50 नंबर कुर्सी उपलब्ध कराना एवं श्रम कल्याण भवन सीधी को रिक्त करना कन्हैयालाल पांडे पेंशनर को 194250 उपादान की बकाया राज का भुगतान माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर की रिट याचिका क्रमांक 23551 वर्ष 2024 निर्णय दिनांक 18 अगस्त 2024 के निर्णय अनुसार सेवानिवृत्ति नीलांबर प्रसाद दुबे की घटाई गई वेतन वृद्धि एवं वसूली राशि 46570 का भुगतान मुखिया अभियंता रीवा क्षेत्र के सा कारण आदेश क्रमांक 2426 दिनांक 3 जुलाई 2024 के आदेश अनुसार राम भजन शर्मा पेंशनर सेवा निवृत्ति की कटौती वेतन रुपया 63390 का भुगतान रीत याचना क्रमांक 10 342 वर्ष 2024 निर्णय दिनांक 22 में 2024 की परिपालन में जंग बहादुर सिंह एवं राजपाल सिंह मीटर वाचक को वर्ष 2007 से उच्च वेतन लाभ का भुगतान स्वर्गीय सत्यदेव केवट लाइन हेल्पर एसडीएम पेंशनर मृत्यु दिनांक 2 अक्टूबर 2006 का जीटीआई का भुगतान आदि समस्याएं महीने से लंबित पड़ी हुई है बार-बार आश्वासन के अतिरिक्त निर्णय आज दिनांक तक न होने के कारण क्रमिक एवं धरना प्रदर्शन मजबूर होकर किया जा रहा है।

## अखंड ब्राह्मण सेवा समिति की बैठक संपन्न

**सीधी।** अखंड ब्राह्मण सेवा समिति भारतवर्ष जिला सीधी के मझौली-कुसमी खण्ड इकाई की बैठक मझौली उपखंड के मड़वास तहसील अंतर्गत महावीरन धाम में आज 23 नवम्बर 2024 दिन शनिवार को आयोजित की गई। इस बैठक में सैकड़ो की संख्या में ब्राह्मण समुदाय के लोग शामिल हुए, जहां सर्वसम्मत से रमाशंकर द्विवेदी को अध्यक्ष एवं रोहिणी रमन मिश्रा को कोषाअध्यक्ष नियुक्त किया गया।

# विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग 25 नवंबर से प्रारंभ

**सीधी।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी राष्ट्रीय युवा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। नेहरू युवा केंद्र सीधी के जिला युवा अधिकारी कुलदीप सिंह द्वारा जानकारी साझा करते हुए बताया कि इस बार का युवा महोत्सव बेहद खास और अलग होगा। इस बार की जो थीम है वह काफी नई और यूनिक है। विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग के थीम पर आधारित चार स्टेज में इस कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसमे युवा द्वारा मायभारत पोर्टल पर जाके 25 नवंबर 2024 से 5 दिसंबर 2024 तक प्रतिभाग किया जा सकता है। 15 से 29 वर्ष के युवा इस कार्यक्रम में हिस्सा ले सकते हैं। पहले चरण में विकसित भारत की थीम पर ऑनलाइन क्विज कंपटीशन का आयोजन मायभारत पोर्टल पर होगा। इसमें से चुने गए प्रतिभागी दूसरे चरण में ऑनलाइन निबंध लेखन में भाग लेंगे। तीसरे लेवल पर स्टेट चैंपियनशिप भोपाल में और चौथी और आखिरी चरण में नेशनल चैंपियनशिप नई दिल्ली में माननीय प्रधानमंत्री की मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा यंग माइंड को अपने देश की संस्कृति, इतिहास और सभ्यता से जोड़ना होगा और साथ ही साथ युवाओं से संवाद कर उनके विचार को प्रमुखता के साथ राष्ट्रीय स्तर पर साझा करना होगा। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग राष्ट्रीय युवा महोत्सव के दौरान 11 और 12 जनवरी 2025 को आयोजित होगा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली के भारत मंडपम में 3000 युवा नेताओं के साथ संवाद करेंगे। इन 3000 युवा नेताओं में से 1500 प्रतिभागियों का चयन विकसित भारत चैलेंज के माध्यम से माई भारत प्लेटफ़ॉर्म पर किया जाएगा। राष्ट्रीय युवा महोत्सव - विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का उद्देश्य युवाओं की प्रतिभा को पहचानना और उसे प्रोत्साहित करना है, जिससे उन्हें विकसित भारत के लिए अपने विचार साझा करने का एक मंच मिल सके। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण यह होगा कि युवा सीधे प्रधानमंत्री के साथ संवाद कर सकेंगे और भारत के भविष्य के लिए अपने विचार प्रस्तुत करेंगे, जिससे राजनीति और सामाजिक जीवन में युवाओं की भागीदारी बढ़ेगी।

## मेघदूत पार्क में असमाजिक तत्वों का जमावड़ा

**सीधी।** शहर में उच्च विश्राम गृह के समीप स्थित नगर पालिका परिषद सीधी का मेघदूत पार्क लंबे अरसे से अराजक तत्वों का सुरक्षित ठिकाना बना हुआ है। अराजक तत्वों का जमावड़ा यहां अपरान्ह करीब 4 बजे से होने लगता है। जो कि बेरोकटोंक देर शाम तक बना रहता है। अराजक तत्वों द्वारा पार्क के अंदर ही विभिन्न तरह के नशा का उपयोग भी किया जाता है। इनमें नशीली सिरप का उपयोग सबसे ज्यादा किया जाता है। रोजाना सुबह पार्क के अंदर जगह-जगह नशीली सिरप की खाली सीसियां मिलती हैं। यहां नियुक्त चौकीदारों द्वारा सीसियों को एकत्र कर फेंकने की व्यवस्था की जाती है। अराजक तत्वों के जमावड़ा के चलते पार्क में आने वाली महिलाओं एवं बच्चों को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है।

# अंधी हत्या का हुआ खुलासा, दो आरोपी हुए गिरफ्तार




**सीधी।** पुलिस अधीक्षक सीधी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीधी एवं एसडीओपी चुरहट के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी रामपुर नैकिन व स्टाफ द्वारा हत्या के 2 आरोपियो को गिरफ्तार किया जाकर जेल पहुंचाया गया। पुलिस के अनुसार थाना रामपुर नैकिन जिला सीधी मर्ग क्रमांक 139/2024 धारा 194 बीएनएसएस की जांच दौरान पाया गया कि मृतक रहमत खान पिता अहमद खान उम्र 32 साल निवासी कस्वा रामपुर नैकिन बार्ड क्रमांक 8 थाना रामपुर नैकिन जिला सीधी की मौत मारपीट से आई चोटो के कारण होने से अज्ञात आरोपी के विरूद् अपराध क्र. 1067/24 धारा 103(1) बीएनएस के तहत अपराध सदर का पंजीयन कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना दौरान प्राप्त पीएम रिपोर्ट, कथन गवाहान, प्राप्त सीडीआर रिपोर्ट विवेचना आदि से आरोपी अनवारूल उर्फ असलम खान पिता मो. इबरार खान उम्र 22 वर्ष निवासी कस्बा रामपुर नैकिन वार्ड क्र. 8 थाना रामपुर नैकिन जिला सीधी एवं विशाल उर्फ सोनू सिंह पिता बृजेन्द्र सिंह सूर्यवंशी उम्र 25 वर्ष निवासी चिरहुला थाना बिछिया जिला रीवा के विरुद्ध अपराध घटित करना प्रमाणित पाये जाने से दोनो आरोपियो को अभिरक्षा मे लिया जाकर बारिकी से पूंछताछ किया गया जो जुर्म कबूल किये तथा मारपीट कर हत्या करते वक्त घटना मे प्रयुक्त आला जरब के संबंध मे पूंछताछ किया गया जो जप्त कराये। जप्ती के दोनो आरोपियो को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय पेश किया गया।

### मामले को लेकर इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

सम्पूर्ण मामले का खुलासा करने मे थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी, चौकी प्रभारी पिपरांव उनि शेषमणि मिश्रा, उनि कप्तान सिंह, चौकी प्रभारी खड्डी सउनि नीरज सिंह, सउनि रजनीश सिंह, संजय सोनी प्रआर, महेन्द्र विश्वकर्मा, आरक्षक आजाद खान, महेन्द्र तिवारी, सुभाष पाण्डेय, अंकित मिश्रा, सैनिक शशिशेखर उपाध्याय, विजय मिश्रा व सायबर सेल सीधी से प्रआर आनंद कुशवाहा, आरक्षक प्रदीप मिश्रा, कृष्णमुरारी द्विवेदी की कार्यवाही में अहम भूमिका रही।

# संस्कार भारती ने किया रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

**सीधी।** संस्कार भारती सीधी द्वारा एक वृहद रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन गायत्री गुप्ता एवं अंकित सिंह चौहान के संयोजन में किया गया। दोनों प्रतियोगिताएं कनिष्ठ एवं वरिष्ठ दो वर्गों में रखी गई थीं रंगोली एवं चित्रकला में 17 विद्यालयों के कुल 180 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। प्रतियोगिता के पश्चात रंगोली एवं चित्रकला की प्रदर्शनी संभ्रांत लोगों के दर्शनार्थ रखी गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद आनंद परियाणी जी ने किया। प्रदर्शनी का बड़ी संख्या में लोगों ने अवलोकन किया। इस दौरान आनंद परियाणी द्वारा सभी प्रतिभागियों का मुंह मीठा कराया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में मानेंद्र नामदेव, साक्षी सिंह, स्वाति जायसवाल, अभिलाष द्विवेदी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। संस्कार भारती सीधी के अध्यक्ष हीरालाल सिंह चंदेल, संरक्षक अजीता द्विवेदी, राजेश सिंह गहरवार, श्रवण कुमार मिश्रा, सुभाष चन्द्र मिश्र, प्रकाश नारायण सिंह ने आयोजन को सफल बनाया। प्रदर्शनी का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 सीधी में किया गया। विद्यालय के छात्रों ने स्वयंसेवक के रूप मे अपना महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

# भारतीय मशहूर फिल्म हैरी पॉटर का किया गया प्रदर्शन

सीधी



इंद्रवती नाट्य समिति, यूसीएन मास पब्लिक स्कूल, ट्रांसफ्रेम और आर्ट ऑन क्लिक के सहयोग से हर रविवार लोगो को ज्ञानवर्धक और मनोरंजन से ओत-प्रोत फिल्में लगातार दिखाई जाती है। बच्चों के उत्साह को देखते हुए और साथ युवाओं की सहभागिता रहती है। इस रविवार भारतीय ड्रामा की मशहूर फिल्म हैरी पॉटर - 4 का प्रदर्शन किया गया। प्रकाशक - ब्लूम्सबरी पब्लिशिंग (ब्रिटेन) और मंजुल प्रकाशन (भारत) । एक सुपरहिट फिल्म साबित हुई। हैरी पॉटर का किरदार पिछली फिल्म की तरह डैनियल रैड्क्लिफ ने निभाया था। भारत में इस फिल्म का प्रीमियर बड़ी धूम-धाम से किया गया था।

हैरी पर पानी के अंदर रहने वाली अजीबोगरीब और खतरनाक जीव हमला करते हैं। हॉगवर्ट्स के दूसरे प्रतियोगी डिगरी को वोर्मटेल नामक वोल्डेमॉर्ट समर्थक द्वारा मार दिया जाता है। वोर्मटेल अपना हाथ काटकर उसे एक कड़ाही में डाल देता है, जहाँ वोल्डेमॉर्ट नामक एक सिकुड़ा हुआ शिशु जैसा जीव, मानव रूप में बदलने का इंतजार कर रहा होता है। परिचर्चा के दौरान बताया गया कि फिल्म बच्चो को बहुत पसंद आया। बच्चो ने अपनी - अपनी राय दी जिससे यूसीएन मास स्कूल के सर और वहाँ बैठे सदस्य बहुत प्रभावित हुए।

**कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव,म.प्र. शासन राजस्व विभाग जिला-सीधी**

भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-19 की उपधारा-4 एवं 7

क्रमांक 938 /भू-अर्जन-2024, सीधी, दिनांक 16/10/2024

**अधिसूचना**

चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान होने से कि नीचे दी गयी अनुसूची के पद (1) में वर्णित ग्रामों की भूमि की अनुसूची के पद (5) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता होने से इन ग्रामों की धारा-11 का प्रकाशन दिनांक 03.08.2023 को किया जा चुका है। वर्तमान में यह तथ्य संज्ञान में आया है कि धारा-11 के पश्चात् धारा-19 की कार्यवाही नही हो सका है, क्योंकि कार्यपालन यंत्री, म.प्र. लोक निर्माण विभाग (भ./स.) सीधी संभाग सीधी (म0प्र0) के द्वारा प्रस्तुत किये गये अर्जन के मूल प्रस्ताव क्रमांक 1066/तक./2022-23 सीधी दिनांक 10.03.2022 में ग्राम कोटहा नगर की भूमि अर्जन का 0.447 हे0 का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था, जिसमें पश्चात् में 0.447 हे0 का अर्जन प्रस्ताव धारा-11 हेतु प्रस्तुत किया गया है। इस प्रकार स्पष्ट है कि धारा-19 हेतु इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 2424/भू-अर्जन/2023 दिनांक 21.12.2023 द्वारा अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग सीधी, अनुविभागीय अधिकारी पी.एच.ई. सीधी, अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकीय विभाग सीधी, वन परिक्षेत्राधिकारी सीधी, उप संचालक उद्यानिकी विभाग सीधी एवं हल्का पटवारी को भूमियों पर स्थित परिसम्पत्तियों के एलायमेंट के आधार पर भौतिक रुप से धारा-19 की कार्यवाही हेतु दल का गठन किया गया, किन्तु अभी तक परिसम्पत्तियों के संबंध में जॉचकर प्रतिवेदन प्रस्तुत न होने एवं इसी दौरान विधानसभा निर्वाचन तथा लोक सभा निर्वाचन होने से विलम्ब एवं देरी हुई है। अतः समयावधि में एलायमेंट की समस्या के कारण 06 माह की वृद्धि किया जाना उचित प्रतीत होता है। म.प्र. शासन की अधिसूचना क्रमांक एफ 16-15-(1)-2014-सात-शा, 2ए दिनांक 29 सितम्बर 2014 - भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (2013 का 30) की धारा 3 के खण्ड (ड) के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग मे लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, यह अधिसूचित करती है कि किसी जिले में, दस हजार हेक्टेयर से अनधिक किसी क्षेत्र के लिए, किसी लोक प्रयोजन के संबंध में, इस अधिनियम के प्रयोजन हेतु कलेक्टर को समुचित सरकार समझा जाएगा। (म0प्र0 राजपत्र भाग 1 दिनांक 03.10.2014 पृष्ठ 2893 पर प्रकाशित) उक्त वर्णित अधिसूचना में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास द्वारा प्रेषित पूर्व पत्र क्रमांक 219/एस.डी.ओ./2018 सीधी दिनांक 24 फरवरी 2018 एवं प्रस्ताव के अनुक्रम में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-19 की उपधारा (7) के प्रथम एवं द्वितीय परन्तुक एवं धारा-25 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, इस अधिसूचना के माध्यम से वर्णित ग्रामों की धारा-19 की उपधारा (4) की समयावधि में छः माह की वृद्धि की जाती है। अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-19 के परन्तुक अन्तर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त सीधी जिले की तहसील गोपद बनास की वर्णित भूमि की समयावधि निम्नानुसार बढायी जाती है :-

(1) भूमि का वर्णन :-

| क्र. | ग्राम का नाम | निजी भूमि रकबा (क्षेत्रफल लगभग) | धारा-11 के जारी होने का दिनांक | धारा-19 को 01 वर्ष पूर्ण होने का दिनांक | धारा-19 की समयावधि में की गयी वृद्धि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोटहा नगर | 0.447 | 03-08-2023 | 03-08-2024 | धारा-19 की उपधारा 4 की अधिसूचना में 06 माह की वृद्धि की जाती है। |

2. सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है - विजयपुर बाईपास सडक मार्ग के निर्माण हेतु।
3. सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए भू-अर्जन कार्यालय कलेक्टर सीधी एवं उपखण्ड अधिकारी गोपदबनास, जिला सीधी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

मप्र के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

( स्वरोचिष सोमवंशी )
कलेक्टर एवं पदेन
उप सचिव म.प्र. शासन
राजस्व विभाग

जी-19390/24

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के साथ सहायिका ने की मारपीट

## सात दिनों तक अस्पताल में भर्ती रही पीड़िता

## सिटी कोतवाली में मामला हुआ पंजीबद्ध



**सीधी।** आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। जिसमें कि उनके सिर में काफी चोंटे आईं। जहां कि वह एक हप्ते तक अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती भी रही हैं। इसके बाद भी मामूली धारा अभी तक थाने में लगाई गई है। ऐसे में पुलिस से उम्मीद है कि इस मामले में मारपीट की वारदातें होने के बाद अलग से धाराएं लगाना भी जरूरी होता है। अब देखना है कि इस पर क्या कार्यवाही होती है।

जानकारी के अनुसार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रामपुर क्रमांक 4 सीधी देवकली साकेत के साथ 15 तारीख जब वह ड्यूटी में घर से जा रही थी तभी सुबह करीब 10 बजे रिश्तेदार द्वारा मारपीट की वारदातें की गईं। बताया गया कि रिश्तेदार पोखरा थाना बहरी में आंगनवाड़ी में सहायिका के पद पर पदस्थ हैं। उनके द्वारा यह वारदातें की गई हैं। पुलिस द्वारा मामले में धारा लगाने से भी परहेज किया गया है। जमानती धारा लगाकर मामले में निपटाने का काम किया जा रहा है जबकि पीड़िता देवकली साकेत 7 दिनों तक अस्पताल में भर्ती भी रही हैं। वहीं इस मामले में आंगनवाड़ी सहायिका गंगू साकेत ने भी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मेरे साथ मारपीट हुई है।

### हमारे साथ किया गया अन्याय, मिलनी चाहिए न्याय

इस मामले को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता देवकली साकेत रामपुर सीधी ने कहा कि हमें न्याय मिलनी चाहिए। हमारे साथ अन्याय किया गया है। मारपीट घटना के बाद अस्पताल में 7 दिनों तक भर्ती रही हूं लेकिन अभी तक आरापी की गिरफ्तारी नहीं हो रही है। जिससे मैं निष्पक्ष न्याय की मांग कर रही हूं। उन्होने बताया कि घर में आकर मारपीट की वारदातें की गई इसके बाद भी पुलिस द्वारा निष्पक्ष कार्यवाही नहीं की जा रही है। उन्होने कहा कि पुलिस के दबाव में कहीं न कहीं यह मामला माना जा सकता है। अन्यथा अब तक कार्यवाही हो सकती थी। देवकली ने कहा कि हमारे ऊपर आरोप लगाया कि हम बात करते हैं लेकिन वह जीजा हैं। कभी बात किए हैं इसके बाद वह मुझे मारपीट किए एवं खुद ब्लेड से अपना हांथ चीरने का काम भी किए यह भी जानकारी पुलिस को है।

### मामले में आरोपी के खिलाफ लगाई गई धारा

सिटी कोतवाली सीधी में आरोपी गंगू साकेत के खिलाफ कोतवाली में धारा 296, 115(2), 351(3), 3(5) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। जिसमें पुलिस द्वारा उल्लेखित किया गया है कि रामपुर निवासी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता देवकली साकेत अमहा तिराहे में किराए के मकान में रहती थी। 15 तारीख को सुबह 10 बजे पोखरा की गंगू साकेत पति गरुण साकेत द्वारा अपनी लडकी सोना साकेत के साथ अमहा मोहल्ले में आई एवं बोली कि मेरे पति से बात करती हो। तुम उसके साथ रहना चाहती हो। इसी मामले को लेकर अश्लील गालियां देते हुए मारपीट की वारदातें की गई। हल्ला होने के बाद मोहल्ले के लोगों ने बचाने का काम किया तब तक देवकली साकेत के सिर में गंभीर चोंटे आई एवं आंख के बगल में चोंटे देखने सहित दाहिने आंख एवं अन्य जगह चोंटे आई हैं।

### सहायिका के पति पुलिस में हैं पदस्थ

मारपीट में वारदात करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पोखड़ा थाना बहरी के पति गरुण साकेत गढ़बा थाना में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ हैं। शायद इसी वजह से शिकायत के बाद भी कोतवाली में मामूली धारा लगाकर विशेष कार्यवाही नहीं की जा रही है। जबकि देवकली साकेत घटना दिनांक 15 से लेकर 21 तारीख तक अस्पताल में भर्ती रही हैं। उनके चेहरा सहित शरीर में काफी चोंटे आई हैं लेकिन पुलिस द्वारा मामले में कोई पहल नहीं की जा रही है। सहायिका के पति का धौंस मानें या फिर जो भी हो कार्यवाही तो निष्पक्ष रूप से होनी चाहिए एवं मारपीट करने वालों की गिरफ्तारी होनी चाहिए। इस मामले में यदि निष्पक्ष कार्यवाही नहीं की जाती तो पुलिस अधीक्षक सहित वरिष्ट अधिकारियों तक शिकायत कराने की बात कही जा रही है।

### मामले की हो रही विवेचना: टीआई

इस मामले को लेकर नगर निरीक्षक कोतवाली अभिषेक उपाध्याय ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया मामला पंजीबद्ध किया गया है। रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही कराने की प्रक्रिया की जाएगी।

## संपादकीय

### फिर घिरे अडानी...

देश के जाने माने अरबपति उद्योगपति गौतम अडानी पर अमेरिकी निवेशकों के साथ धोखाधड़ी करने और भारत में अधिकारियों को रिश्वत देने के ताजा आरोपों ने एक बार फिर राजनीति से लेकर बाजार तक सबको हिला दिया है। हालांकि ये अभी आरोप ही हैं, जिनका अडाणी ग्रुप ने खंडन किया है। इस ग्रुप से जुड़ा पिछला विवाद अमेरिका के ही एक प्राइवेट एनालिस्ट फर्म हिंडेनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर था, जिसमें इस ग्रुप पर अपने शेयरों के भाव गलत ढंग से चढ़ाने का आरोप लगाया गया था। मगर इस बार मामला किसी प्राइवेट पार्टी का नहीं बल्कि अमेरिकी नियामक सिक्यॉरिटीज एंड एक्सचेंज कमिशन (एसईसी) का है। अमेरिकी अभियोजकों के मुताबिक, अडानी ग्रुप ने भारत में अपने सोलर एनर्जी प्रॉजेक्ट्स के कॉन्ट्रैक्ट्स हासिल करने के लिए अधिकारियों को करीब 2200 करोड़ रुपये की रिश्वत दी और अमेरिकी निवेशकों को गुमराह किया। आरोपों की गंभीरता इस बात से भी साबित होती है कि उद्योगपति गौतम अडानी के खिलाफ न्यूयॉर्क में गिरफ्तारी वारंट भी जारी हो चुका है। यह बात सही है कि एसईसी की जांच-पड़ताल आखिरकार कहां पहुंचेगी इस बारे में फिलहाल कोई नतीजा नहीं निकाला जा सकता और यह भी कि स्थ्रष्ट के साथ विवाद में पड़ने वाली कंपनियों की सूची में सीमेंस, पेट्रोब्रास, हॉलिबर्टन और गोल्डमैन सैक्स जैसे बड़े-बड़े नाम शामिल रहे हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि अडानी ग्रुप की आगे की राह आसान साबित होने वाली है। ताजा विवाद का पहला प्रत्यक्ष प्रभाव यह हो सकता है कि अमेरिका में निवेश जुटाना इस ग्रुप के लिए कम से कम आने वाले कुछ समय के लिए खासा मुश्किल हो जाए। अन्य देशों में भी इसके प्रॉजेक्ट्स के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। इसका उदाहरण केन्या से आई वह खबर है, जिसके मुताबिक वहां की सरकार ने एसईसी के आरोपों के बाद अडानी ग्रुप से जुड़ी करीब 2.5 बिलियन डॉलर की डील कैंसल कर दी। जहां तक भारत के अंदर के सिस्टम और उसके निगरानी तंत्र की बात है तो इस विवाद ने उस पर वाजिब सवाल खड़े किए हैं। लेकिन यहां इस तरह की अनियमितताओं के आरोप नए नहीं हैं। सारे आरोप सही नहीं साबित होते, लेकिन ऐसे तमाम मामलों में एक बात कॉमन रहती है कि कंपनियां या ग्रुप नियम-कानूनों को अपने मुताबिक तोड़ने-मरोड़ने की कोशिश करते हैं और सरकारी अधिकारी व नेता इसमें उनकी पूरी मदद करते हैं। अफसोस की बात यह है कि इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगने की कोई उम्मीद अभी भी नजर नहीं आ रही है।

**हांडी काठ की ही थी। हां, यह तय हो गया। हरियाणा में हांडी की पेंदी जली थी, महाराष्ट्र में पूरी हांडी खाक हो गई। 'बंटोगे तो कटोगे' के आह्वान ने हिंदू मतदाताओं के मन में एकता की ऐसी मशाल जलाई कि बिना पेंदी की हांडी का रेसा-रेसा जल गया। विपक्ष ने लोकसभा चुनावों में खूब प्रचार किया कि बीजेपी तीसरी बार सत्ता में आ गई तो संविधान और आरक्षण खतरे में आ जाएंगे। इस प्रचार का सबसे ज्यादा असर उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में हुआ था। यूपी में समाजवादी पार्टी (एसपी) ने इतिहास का सबसे अच्छा प्रदर्शन करते हुए बीजेपी को पीछे छोड़ दिया। वहीं, महाराष्ट्र में भी बीजेपी को तगड़ा झटका लगा। वहां कांग्रेस पार्टी ने अपनी 12 सीटें बढ़ा लीं जबकि बीजेपी को 14 सीटें खोनी पड़ीं। अपने गठबंधन एनडीए के लिए 'अबकी बार 400 पार' का नारा देने वाली बीजेपी ही 240 सीटों पर सिमट गई जबकि कांग्रेस ने अपनी टैली में 52 सीटें जोड़कर 99 प्रत्याशियों को जिता लिए। इसी तरह, सपा पांच से 37 पर पहुंच गई- 700 प्रतिशत से भी ज्यादा की गेन।**

# बंटोगे तो कटोगे की आग में विपक्षी नैरेटिव खाक !

(नवीन कुमार पाण्डेय)

लोकसभा चुनावों में मिली 'मनोवैज्ञानिक जीत' के बाद आत्मविश्वास से लबरेज विपक्ष ने हरियाणा और महाराष्ट्र में भी अपनी रणनीति को दोहराने की कोशिश की, लेकिन 'बंटोगे तो कटोगे' के नारे ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। नतीजा यह हुआ कि सात महीने में ही महाराष्ट्र और यूपी ने विपक्ष का साथ छोड़ दिया।

हांडी काठ की ही थी। हां, यह तय हो गया। हरियाणा में हांडी की पेंदी जली थी, महाराष्ट्र में पूरी हांडी खाक हो गई। 'बंटोगे तो कटोगे' के आह्वान ने हिंदू मतदाताओं के मन में एकता की ऐसी मशाल जलाई कि बिना पेंदी की हांडी का रेसा-रेसा जल गया। विपक्ष ने लोकसभा चुनावों में खूब प्रचार किया कि बीजेपी तीसरी बार सत्ता में आ गई तो संविधान और आरक्षण खतरे में आ जाएंगे। इस प्रचार का सबसे ज्यादा असर उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में हुआ था। यूपी में समाजवादी पार्टी (एसपी) ने इतिहास का सबसे अच्छा प्रदर्शन करते हुए बीजेपी को पीछे छोड़ दिया। वहीं, महाराष्ट्र में भी बीजेपी को तगड़ा झटका लगा। वहां कांग्रेस पार्टी ने अपनी 12 सीटें बढ़ा लीं जबकि बीजेपी को 14 सीटें खोनी पड़ीं। अपने गठबंधन एनडीए के लिए 'अबकी बार 400 पार' का नारा देने वाली बीजेपी ही 240 सीटों पर सिमट गई जबकि कांग्रेस ने अपनी टैली में 52 सीटें जोड़कर 99 प्रत्याशियों को जिता लिए। इसी तरह, सपा पांच से 37 पर पहुंच गई- 700 प्रतिशत से भी ज्यादा की गेन।




**लोकसभा चुनावों में यूपी-महाराष्ट्र ने विपक्ष को बमबम कर दिया-** लोकसभा चुनाव परिणाम ने बीजेपी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को स्पष्ट बहुमत दिया, फिर भी राहुल गांधी और अखिलेश यादव की जोड़ी ने ऐसा प्रचार किया कि मानो बीजेपी हार गई और कांग्रेस-एसपी वाले गठबंधन ने भारी जीत दर्ज कर ली। राहुल गांधी ने यहां तक कहा कि कांग्रेस को मनोवैज्ञानिक जीत मिली है। उधर, उत्तर प्रदेश में भगवान राम की नगरी अयोध्या वाली लोकसभा सीट फैजाबाद पर बीजेपी उम्मीदवार की हार को हिंदुत्व और राष्ट्रवादी भावनाओं की हार के रूप में प्रचारित करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी गई। अखिलेश यादव ने अपने फैजाबाद सांसद अवधेश प्रसाद को 'अयोध्या का राजा' तक बता दिया।

**राहुल-अखिलेश के हाथ लगा था हथियार-** राहुल-अखिलेश की अगुवाई में विपक्ष ने संसद की बैठकों में यही दिखाने की कोशिश की कि अब तो उसे मोदी-शाह की राजनीति को जमींदोज करने का हथियार मिल गया है। राहुल गांधी ने बतौर सांसद शपथ लेते वक्त भी संविधान की लाल किताब को लोकसभा में लहराया। दूसरी तरफ, अखिलेश यादव पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) के अटूट गठजोड़ के प्रतीक स्वरूप सांसद अवधेश प्रसाद को फ्रंट सीट पर अपने बगल में बिठाने लगे। संदेश साफ था- संविधान की रक्षा, जाति जनगणना की मांग और पीडीए की एकजुटता का आह्वान ही विपक्षी राजनीति के धुरी रहेगी।

राहुल 'जितनी आबादी, उतना हक' का नारा देकर अपना दावा और मजबूत करने लगे कि वो मोदी सरकार से जाति जनगणना तो करवाकर रहेंगे। दरअसल, उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में संविधान, आरक्षण को खतरे के डर ने दलितों को बीजेपी के खिलाफ कर दिया तो राहुल को लगा कि यह प्रयोग देश के अन्य प्रदेशों में भी आगे बढ़ा तो बीजेपी की हिंदुत्ववादी राजनीति को धराशायी किया जा सकता है। एक तरफ राहुल का आत्मविश्वास बढ़ा तो दूसरी तरफ बीजेपी मनोवैज्ञानिक दबाव में आ गयी। यहां तक कि संघ ने भी जाति जनगणना को सही बता दिया बशर्ते उद्देश्य पवित्र हों।

**हरियाणा विधानसभा चुनाव में टूटा नैरेटिव -** मजबूत मनोबल के साथ विपक्ष तो मायूसी की मकड़जाल फंसी बीजेपी हरियाणा के विधानसभा चुनाव में उतरी। राहुल गांधी फिर से चुनावी रैलियों में संविधान की कॉपी लहराने लगे। इधर, बीजेपी उत्तर प्रदेश की गलतियों से सीखकर चुपके से जमीन सुधारने में लग गई। गहन जनसंपर्क अभियान छिड़ा और विपक्ष के नैरेटिव की असलियत से मतदाताओं को रू-ब-रू करवाया। तब तक बांग्लादेश में तख्तापलट हो गया और शेख हसीना की सरकार के खिलाफ छिड़े आंदोलन की आड़ में इस्लामी जिहाद ने हैवानियत का तांडव शुरू कर दिया। बांग्लादेश में इस्लामी कट्टरपंथी निर्दोष हिंदुओं की हत्या करने लगे, मासूम हिंदू लड़कियों का बलात्कार होने लगा, हिंदुओं के पूजा स्थल और घर जलाए जाने लगे। इसी परिदृश्य में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरियाणा की एक चुनावी रैली में कह दिया- बंटोगे तो कटोगे, एक रहोगे तो नेक रहोगे।

**हरियाणा की हार में बेपेंदी हो गई काठ की हांडी-** योगी के दिए इस मंत्र ने हिंदुओं के मन में गहरी जड़ें जमा लीं। वो बांग्लादेश में देख रहे थे कि कमजोर हिंदुओं पर अत्याचारी मुसलमान किस तरह हैवानियत की हद पार कर रहे हैं। दूसरी तरफ, बीजेपी-संघ के कार्यकर्ताओं ने उन्हें यह भी समझाया कि संविधान-आरक्षण को खतरा दुष्प्रचार के सिवा कुछ नहीं है। उन्होंने मतदाताओं के सामने यह सबूत भी पेश किए कि यह कांग्रेस है जिससे दलित आरक्षण को खतरा है क्योंकि उसकी पार्टी की प्रदेश सरकारों ने दलितों-पिछड़ों के आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दिए हैं या देने के प्रयास किए हैं। फिर हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे आए तो साफ हो गया कि राहुल-अखिलेश ने लोकसभा में जिन नैरेटिव्स की हांडी चढ़ाई, वो अब चुनावी परीक्षण की आंच बर्दाश्त नहीं कर पाएगी। जीत के लिए आश्वस्त कांग्रेस को हरियाणा में लगातार तीसरी बार हार का सामना करना पड़ा और प्रदेश ने पहली बार किसी सरकार को लगातार दूसरी बार सत्ता में वापसी का आदेश सुना दिया। हरियाणा की हार में विपक्ष के नैरेटिव्स की हांडी बिना पेंदी की रह गई।

**लोकसभा में हारकर बीजेपी ने किए सुधार-** इधर, बीजेपी समझ गई कि हिंदुत्व के रास्ते पर बेहिचक, बेपरवाह और बेइंतहा विश्वास के साथ बढ़ते रहें तो लोकसभा चुनाव जैसे हादसों से बचा जा सकता है। महाराष्ट्र में योगी आदित्यनाथ फिर फ्रंट फुट पर आ गए। खास बात यह रही कि आरएसएस-बीजेपी ही नहीं, खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पीछे का मोर्चा संभाल लिया। जातियों में बंटो नहीं, एक रहो तभी वोट जिहाद का सामना कर पाओगे- हिंदुओं ने यह मूलमंत्र को गांठ बांध लिया। आज नतीजे सामने हैं- कांग्रेस 101 सीटों पर लड़कर सिर्फ 16 सीटें जीतने की ओर है जबकि उसके साथी दल शिवसेना (यूबीटी) 21 जबकि एनसीपी (एसपी) 10 सीटों तक सिमटती दिख रही है।

**7 महीने में ही टूट गया साथ-** दूसरी तरफ, बीजेपी ने 132 सीटों पर जीत की तरफ कदम बढ़ाकर बड़े-बड़े पॉलिटिकल पंडितों को हैरत में डाल दिया है। उसके साथी दलों शिवसेना और एनसीपी ने भी कमाल करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने 55 तो उप-मुख्यमंत्री अजित पवार की एनसीपी 41 सीटों पर जीत की ओर अग्रसर है। शिंदे और अजित के इस शानदार प्रदर्शन का मतलब ही यही है कि महाराष्ट्र में हिंदुओं ने नहीं बंटने की कसम खा ली। तभी तो क्रमशः उद्धव ठाकरे और शरद पवार के प्रति मतदाताओं ने रत्तीभर भी सहानुभूति नहीं दिखाई। उधर, उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में बीजेपी को सात सीटों पर मिली जीत ने अखिलेश के पीडीए फॉर्मूले को भी क्षणभंगुर साबित कर दिया। कुल मिलाकर कहें तो लोकसभा चुनावों में विपक्ष के चेहरे पर खिलखिलाहट लाने वाले दो प्रदेशों यूपी और महाराष्ट्र ने सात महीने का भी साथ नहीं निभाया।

# हिमंत-शिवराज फेल, घुसपैठ फुस्स, चंपाई भी नहीं भर पाए रघुवर का दिया सीएनटी एक्ट का घाव

(वरुण राय)

माना जाता है कि झारखंड विधानसभा चुनाव में तीन नेताओं की चली। इसमें असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शामिल थे।

भाजपा का झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा फुस्स हो गया है। शनिवार को आए 81 विधानसभा सीटों के रिजल्ट में भाजपा 21 सीटों पर सिमट गई है। जो 2019 के मुकाबले 4 सीट कम है। भाजपा की सबसे बड़ी हार एक बार फिर आदिवासी सीटों पर हुई है। 28 आदिवासी रिजर्व सीटों में से पार्टी सिर्फ एक सीट सरायकेला ही जीत पाई है। 2019 में भी पार्टी 2 सीट पर ही जीत पाई थी। हालांकि, तब एनडीए में ना आजसू थी और ना बाबूलाल मरांडी। चुनावी आंकड़े बताते हैं कि आदिवासियों का भरोसा भाजपा पर अभी तक नहीं लौट पाया है। वह अब भी रघुवर दास के सीएनटी एक्ट में बदलाव की कोशिशों को नहीं भूल पाए हैं। यह घाव चंपाई सोरेन के भाजपा में आने से भी नहीं भरा है। भाजपा की हार की 5 बड़ी वजह रही।

**सीएनटी एक्ट का घाव नहीं भूले आदिवासी-** भाजपा की आदिवासी रिजर्व सीटों पर करारी हार हुई है। इसका मतलब है कि रघुवर दास के सीएनटी एक्ट (छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम) में बदलाव की कोशिशें आदिवासियों को आज भी याद है। इसकी भरपाई चंपाई सोरेन भी नहीं कर पाए हैं। आंकड़े बताते हैं कि 2014 के पहले तक भाजपा आदिवासी रिजर्व सीटों पर ठीक-ठाक प्रदर्शन करती थी, लेकिन 2014 में किए गए प्रयोग से पार्टी को बड़ा धक्का लगा है। 2009 में भाजपा 28 आदिवासी रिजर्व सीटों में से 9, 2014 में 11 सीटें जीती थी। यह आंकड़ा 2019 में घटकर दो पर आ गया। और इस बार यानी 2024 में एक पर है।

दरअसल, नवंबर 2016 में तात्कालीन सीएम रघुवर दास ने सीएनटी एक्ट की धारा 46 में बदलाव का प्रस्ताव पास किया था। इस बदलाव के तहत आदिवासियों की जमीन के नेचर को बदला जा सकता था। उन्होंने राज्य में उद्योग लगाने को लेकर ऐसा किया था। हालांकि, आदिवासियों के बीच मैसेज गया कि एक्ट में बिजनेसमैन को फायदा पहुंचाने के लिए संशोधन हो रहा है। इस बदलाव से बिजनेसमैन जब चाहे सरकार से सीधे जमीन ले लेगा। इसका भारी विरोध हुआ। तब रघुवर सरकार को संशोधन का प्रस्ताव वापस लेना पड़ा था।

एक इंटरव्यू में रघुवर दास ने कहा था, 'झामुमो, कांग्रेस आदिवासियों का विकास नहीं चाहते हैं। सीएनटी एक्ट में संशोधन सरकारी योजनाओं को लेकर जमीन के लिए किया जा रहा था। संशोधन में यह बात पूरी तरह से स्पष्ट भी थी। इस संशोधन से किसी भी निजी संस्था या संस्थान को लाभ नहीं होने वाला था।'

**हेमंत-कल्पना का काट नहीं खोज पाई भाजपा-** भाजपा चुनाव प्रचार में आक्रामक तो रही, लेकिन आदिवासी चेहरे की कमी खली। बाबूलाल मरांडी को छोड़कर ऐसा कोई आदिवासी नेता नहीं रहा, जो पूरे प्रदेश में प्रचार के दौरान घूमा हो। मरांडी को फ्री हैंड तो दिया गया, लेकिन वे चुनाव लड़ने आदिवासी सीट को छोड़कर जनरल सीट पर चले गए। इसका वोटरों में गलत मैसेज गया।

आदिवासी भाजपा से जुड़ाव नहीं महसूस कर पाए। भाजपा से दूसरी गलती ये हुई कि बाहरी नेता हेमंत सोरेन पर ज्यादा आक्रामक रहे। हेमंत को जेल भेजना भी आदिवासी वोटरों को नाराज कर गया। चुनाव के बीच में सेंट्रल एजेंसियों की रेड से लोगों के बीच मैसेज गया कि भाजपा जानबूझकर ऐसा कर रही है। इस चुनाव प्रचार में भाजपा को महिला नेता की कमी भी खली। कल्पना के वोटरों से सीधा जुड़ाव का काट भाजपा के पास नहीं था।

**घुसपैठ पर आक्रामक प्रचार घातक साबित हुआ-** भाजपा ने संथाल परगना के घुसपैठ के मुद्दे को पूरे राज्य का बड़ा मुद्दा बना दिया। आक्रामक तरीके से प्रचार करती रही। जहां घुसपैठ नहीं है वहां भी इसे मजबूती से उठाया गया, जिसका खामियाजा पार्टी को उठाना पड़ा। हिमंत बिस्व सरमा ने पूरे प्रचार को असम की तरह बना दिया। एक इलाके के घुसपैठ के मुद्दे को पूरे प्रदेश का बनाया। जबकि, सच्चाई ये है कि झारखंड के किसी इलाके का सीधा कनेक्शन विदेशी धरती (बांग्लादेश) से नहीं है। इसका रिएक्शन ये हुआ कि घुसपैठ वाले इलाके में भी भाजपा की करारी हार हुई। पार्टी ने तीन बार से जीत रही राजमहल सीट को भी गंवा दिया। पार्टी संथाल परगना में एक सीट पर सिमट गई, जबकि 2019 में 4 सीटें जीती थी।

**लोकल से ज्यादा बाहरी नेताओं की फौज से काडर कंफ्यूज-** झारखंड विधानसभा चुनाव में अबकी बार भाजपा ने नया प्रयोग किया। लोकल नेताओं को किनारे लगाकर पूरी कमान सेंट्रल लीडरशीप ने ले ली। टिकट वितरण से लेकर प्रचार की कमान तक हिमंत बिस्व सरमा और शिवराज सिंह चौहान ने संभाल रखी थी। लोकल नेता अपने एरिया तक सिमटे रहे। यहां तक की पड़ोसी राज्य बिहार के नेताओं तक को प्रचार में नहीं बुलाया गया। इससे काडर कंफ्यूज हो गए कि हमें क्या करना है? उनको हर चीज के लिए दूसरे नेताओं से पूछना पड़ रहा था।

**2100 पर 2500 भारी, लोगों का हेमंत पर बढ़ा भरोसा-** भाजपा ने संकल्प पत्र जारी किया। इसमें कमोबेश वैसे ही वादे किए गए थे, जैसा इंडिया ने किया था। इस पर हेमंत सोरेन को सत्ता में रहने का लाभ मिला। लोगों ने उनके वादे पर ज्यादा भरोसा जताया। खासकर महिलाओं ने हेमंत की मंईयां सम्मान योजना को पसंद किया और जमकर वोटिंग की। इसमें भी पहले चरण की वोटिंग से पहले आधी रात को महिलाओं के खाते में पैसा आ गया। जो गेम चेंजर साबित हुआ।

**तीन वादे इंडिया की तरह, यहीं मात खा गई-** 1. भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में महिलाओं को गोगो दीदी योजना के तहत 2100 रुपए हर महीने देने का वादा किया है। इसके बदले इंडिया ने 2500 रुपए देने का वादा किया है। खास बात है कि हेमंत सरकार अभी 18 से 50 साल की महिलाओं को 1000 रुपए दे रही है। हालांकि, आचार संहिता लगने से पहले इसे बढ़ाकर 2500 रुपए कर चुकी है। इसी योजना का ऐलान अपने घोषणा पत्र में भी किया है। 2. भाजपा ने स्नातक और स्नातकोत्तर बेरोजगारों को दो साल तक प्रति माह 2 हजार रुपए भत्ता। पहले साल में डेढ़ लाख सरकारी पदों पर नियुक्ति। 5 साल में 2.87 लाख पदों पर नियुक्ति करने का वादा किया है। पांच साल में 5 लाख युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। जबकि, इंडिया गठबंधन ने युवाओं को रोजगार की गारंटी दी जाएगी।

## वर्ग पहेली 5562

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 | 7 |
| 8 | | | | 9 | ■ | 10 | |
| | ■ | | ■ | 11 | 12 | | ■ |
| 13 | 14 | ■ | 15 | | | ■ | 16 |
| ■ | 17 | 18 | ■ | | ■ | 19 | |
| ■ | 20 | | | | ■ | 21 | |
| ■ | 22 | | ■ | ■ | 23 | | ■ |
| 24 | | | ■ | 25 | | | |

संकेत: बाएं से दाएं

1. यह हमारा राष्ट्रीय वृक्ष है (4)
5. शरीर के अंगों के जोड़ संबंधी एक रोग (3)
8. पैर का आघात, पैरों से कुचलने की क्रिया (5)
10. गहरा दुख, शोक (2)
11. यदि ऐसा न होगा, विवाह के समय वधू का वर को अंगीकार करना (3)
13. उरस्थल को यह कहा जाता है (2)
15. जीवयुक्त, जीवित, जीवधारी (3)
17. जो रिश्ते में माता के भाई हो, मातुल (2)
19. ऋग्वेद के अनुसार एक प्रकार का पेय जो देव और दानव दोनों को प्रिय था (2)
20. एक प्रकार का हास्य रस प्रधान रूपक (4)
21. निष्पत्ति, समाधान, निराकरण (2)
22. दीवानी अदालत का अभियोग, नालिश, अधिकार, स्वामित्व (2)
23. पकाकर गाढ़ा किया हुआ गन्ने का रस (2)
24. कपि, बंदर (3)
25. किसी के अपेक्षा और अधिक अच्छा (4)

ऊपर से नीचे

1. बलवीर, बलभद्र, सीरायुध, बलदेव (4)
2. ध्यानमग्न, प्रवृत्तिशील, मनोयोग से काम में लगा हुआ (2)
3. संगीत का विशेष कंपन, महक, सुगंध (3)
4. दुख, तकलीफ, कष्ट (3)
6. बौना, छोटे कद का (3)
7. तीन घंटे का समय, एक पहर (2)
9. नई जिंदगी, नया जीवन (5)
12. आवाज, शब्द, शोरगुल (2)
14. क्षमादान करने की क्रिया या भाव (5)
16. सांवले रंग का (3)
18. प्रतिमास, प्रति महीने में (4)
19. संग, साथ, संगत (4)
23. पथ, मार्ग, रास्ता (2)

### वर्ग पहेली 5561 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्रा | य | न | ला | रा | ■ | ला | ■ |
| जी | ■ | ख | ■ | शि | का | य | त |
| ल | ह | रा | ना | ■ | फि | क | रा |
| ■ | ठ | ■ | क | म | ला | ■ | श |
| वि | ■ | ह | की | म | ■ | घा | ना |
| प्र | ति | वा | सी | ■ | मू | ल | ■ |
| ■ | र | ■ | ध | नु | ■ | मे | ला |
| ग | प | ■ | में | ■ | पा | ल | ना |

# सोशल मीडिया को लेकर ऑस्ट्रेलिया सरकार की बच्चों को लेकर बड़ी पहल

(सूरज तिवारी)

दुनिया भर के देशों में मोबाइल फोन की लत आज ज्यादातर लोगों के जीवन का हिस्सा बन गया है और इसमें बच्चे या किशोर अपवाद नहीं हैं। जरूरत या सुविधा के नाम पर जिन बच्चों को स्मार्टफोन मिला हुआ है, वे सोते-जागते, हर समय उसमें गुम रहते हैं।

आस्ट्रेलिया ने सोशल मीडिया की बुरी लत से सोलह साल से कम उम्र के बच्चों को बचाने के लिए एक बड़ी पहल की है। वहां की संसद में पेश इससे संबंधित विधेयक पारित हो गया तो बच्चे सोशल मीडिया पर प्रतिबंधित हो जाएंगे। नियमों को तोड़ने पर सोशल मीडिया के मंचों को भारी जुर्माना देना होगा। यों इससे पहले फ्रांस, ब्रिटेन, स्वीडन और चीन जैसे देश इस तरह के कदम उठा चुके हैं। इसके समांतर आस्ट्रेलिया का भी संदेश बड़ा है। नए कानून के मुताबिक सोशल मीडिया को आयु सीमा लागू करने के लिए जवाबदेह बनाया जाएगा।

**अभिभावकों की सहमति भी नहीं होगी मान्य-** जाहिर है, वहां सोलह साल से कम उम्र के बच्चे अब सोशल मीडिया पर अपने खाते नहीं खोल पाएंगे। जो बच्चे अभी मंच पर मौजूद हैं, उन पर स्वत- रोक लग जाएगी। इसमें उनके अभिभावकों की भी सहमति मान्य नहीं होगी। पढ़ाई-लिखाई से लेकर बहुत सारी जरूरत की गतिविधियों के लिए आनलाइन माध्यमों पर बढ़ती निर्भरता के दौर में बच्चों और किशोरों को स्मार्टफोन से दूर रखना या उसका सीमित इस्तेमाल एक चुनौती होगी। मगर भविष्य की पीढ़ियों के हित में कुछ ठोस कदम उठाने की जरूरत वक्त का तकाजा है।

दुनिया भर के देशों में मोबाइल फोन की लत आज



ज्यादातर लोगों के जीवन का हिस्सा बन गया है और इसमें बच्चे या किशोर अपवाद नहीं हैं। जरूरत या सुविधा के नाम पर जिन बच्चों को स्मार्टफोन मिला हुआ है, वे सोते-जागते, हर समय उसमें गुम रहते हैं। सोशल मीडिया के मंचों पर यह आदत थोड़ी और बेकाबू हो जाती है। बहुत सारे बच्चे अनायास ही ऐसी सामग्रियां देखने लगते हैं, जो मादक पदार्थों के सेवन, हिंसा, खुदकुशी, खानपान संबंधी बुरी आदतों को बढ़ावा देती हैं। जब अभिभावक उन्हें इस सबसे दूर रहने को कहते हैं, तो बच्चे चिड़चिड़े हो जाते हैं और कई बार उनकी प्रतिक्रिया सहज नहीं रह पाती।

**अकेले रहने और हिंसक होने की बढ़ रही प्रवृत्ति-** चिंता की बात यह है कि वीडियो गेम और रील देख कर बच्चे वयस्क हो रहे हैं। उनमें अकेले रहने और हिंसक होने की प्रवृत्ति बढ़ी है। उनकी नींद गायब हो रही है। इससे उनके स्वास्थ्य पर भी असर पड़ा है। पढ़ाई से अधिक स्मार्टफोन पर वक्त गुजारने से वे खेल गतिविधियों से भी दूर हो गए हैं।

## आज का राशिफल

### मेष

आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपको किसी विशेष घटनाक्रम के अंतर्गत अचानक से रुका धन हाथ लगेगा। आपकी धर्म में आस्था बढ़ेगी और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। रोजमर्रा के कामों में कोताही न बरतें, अतीत के संदर्भ में अनुसंधान का लाभ मिलेगा। आपका नए संपर्क से सितारा बुलंद होगा और कारोबार में आपकी तरक्की होगी।

### वृष

आज दिन करियर के लिहाज से बेहद शुभ है। आपको मान सम्मान की प्राप्ति होगी। व्यापार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी तो आप फूले नहीं समाएंगे। आपकी खुशी बढ़ेगी और रात में किसी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने से आपको प्रसन्नता का अनुभव होगा।

### तुला

आज करियर के मामले में लाभ होगा। जो काम जोखिम भरे हैं, उन्हें करने से बचें, वरना नुकसान हो सकता है। कार्यक्षेत्र में सहयोगी आपकी मदद करेंगे। किसी संकट में फंस सकते हैं, इसलिए अपने काम पर ध्यान दें, वरना नुकसान हो सकता है। आपकी योजनाएं सफल होंगी और धन में वृद्धि होगी।

### वृश्चिक

आज दिन काफी व्यस्त रहेगा। घरेलू और व्यावसायिक माहौल में काफी थकान हो सकती है। कई तरह के विवाद और झंझट आपके सामने आ सकते हैं, लेकिन धैर्य से काम लें। अपनी कार्यकुशलता से आप अपनी परेशानियां कम कर पाएंगे और ऑफिस में लोग आपकी मदद करेंगे।

### मिथुन

आज दिन करियर में सफलता दिलाने वाला है। आप जो भी काम योजनाबद्ध तरीके से करेंगे उसमें आपको सफलता प्राप्त होगी। धन-संपत्ति में वृद्धि होने से मन में प्रसन्नता रहेगी। घर में भाइयों के साथ जमीन जायदाद का विवाद हल हो सकता है, किसी भी मामले में बहुत ही संभलकर रहें।

### कर्क

आज करियर के मामले में सफलता लेकर आया है। ग्रहों के शुभ योग से आपको लाभ होगा। किसी महान व्यक्ति के आशीर्वाद से आपको करियर में सफलता मिलेगी। कोई कीमती वस्तु अचानक मिल सकती है, जिससे आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

### धनु

आज दिन लाभ से भरा होगा। आप जिस प्रतियोगिता या परीक्षा को पास करना चाहते हैं, उसमें आपको सफलता मिलने के योग हैं। आप जिस तरह से अपनी रणनीति बना रहे हैं, उससे लगता है कि आपके प्रयास सफल होंगे। आर्थिक स्थिति में भी धीरे-धीरे सुधार होगा। रात में किसी की सेहत को लेकर परेशान हो सकते हैं। आपके धन में वृद्धि होगी।

### मकर

आज दिन शुभ है। आपका मूड सुबह से अच्छा रहेगा। किसी बड़े लाभ के चक्कर में आप दिनभर भागदौड़ करने को तैयार रहेंगे। परिस्थितियां जब अनुकूल होने लगती हैं तो सभी काम बनने लगते हैं और आप सफलता की ओर बढ़ते हैं। व्यर्थ की भागदौड़ और तनाव भी कम होने लगेगा और आपके लिए तरक्की के योग बनेंगे।

### सिंह

आज करियर में हर काम संभलकर करने की जरूरत है। आपको हर विवाद से बचने की सलाह है। आप अपने प्रतिद्वंदियों के लिए सिरदर्द बने रहेंगे। व्यापार में अचानक उम्मीद से ज्यादा लाभ होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। संतान पक्ष से भी अच्छी खबर मिलेगी।

### कन्या

आज दिन लाभ से भरा होगा और आर्थिक मामलों में योजनाएं सफल होंगी। आर्थिक मामलों में सुखद रहेगा। काफी समय से जो असमंजस चल रहा था, आज उसका अंत होगा और निराशा भी दूर होगी। जिस कारण से आपके काम नहीं बन रहे थे, आज वह बाधा दूर हो जाएगी तो आपको रचनात्मक कार्यों में तेजी आएगी।

### कुंभ

आज दिन व्यस्त रहेगा। आपके सामने कई काम एक साथ आएंगे। आपके विरोधी भी कुछ ऐसी हरकतें कर सकते हैं जिससे आपको गुस्सा आएगा। लेकिन खुद को शांत रखें और अपने काम पर ध्यान दें। अगर आपको अपनी स्थिति स्पष्ट करनी है तो अपने वरिष्ठ अधिकारी को बताएं। आपके धन में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे।

### मीन

आज करियर में लाभ मिलेगा और नौकरी के क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी। नौकरी को संभालकर करें। व्यापार के विस्तार के लिए समय अनुकूल है। आपको बाहर से भी सुविधाएं मिल रही हैं और आर्थिक मामलों में भी लाभ होगा। करियर में आपको बड़ा लाभ होगा। आपके लिए तरक्की के योग बन रहे हैं और भाग्य साथ देगा।

# आरएसएस का असर और हिंदू वोट, कैसे महायुति की सुनामी में ढह गए पुराने किले



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन की जबरदस्त जीत ने राज्य की राजनीति के समीकरण ही पलटकर रख दिए। बीजेपी और उसके सहयोगियों की इस सुनामी में कई पुराने किले ढह गए। बीजेपी, एनसीपी और शिंदे सेना के महायुति गठबंधन ने 288 में से 235 सीटों पर कब्जा कर लिया। वहीं महाविकास अघाड़ी को 50 सीटों से ही संतोष करना पड़ा। महाविकास अघाड़ी के दलों की स्थिति यह हो गई कि वे निर्दलीय उम्मीदवारों की संख्या से भी कम रह गए।

**मराठवाड़ा में पलट गई बाजी :** छह महीने पहले ही लोकसभा चुनाव के दौरान पूरे महाराष्ट्र में माहौल महाविकास अघाड़ी के पक्ष में दिखाई दे रहा था। मराठवाड़ा की सात लोकसभा सीटों में से छह में महायुति को हार का सामना करना पड़ा था। छह महीने में ही ऐसा हुआ कि महायुति ने 46 में से 41 विधानसभा सीटों पर कब्जा कर लिया। इसमें बीजेपी के खाते में 19, शिवसेना के 13 और एनसीपी के खाते में 8 सीटें आईं। इस नाटकीय बदलाव के पीछे कई वजहें हैं। मराठा आरक्षण एक्टिविस्ट मनोज जरांगे के आंदलन की वजह से लोकभा चुनाव में महायुति को नुकसान उठाना पड़ा था। हालांकि इस चुनाव में मनोज जरांगे के फैक्टर असर नहीं दिखा सका। उन्होंने एन मौके पर विधानसभा चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया। वहीं उनके समुदाय से दर्जनों प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। ऐसे में मराठा वोटर्स में उनकी पैठ कम हो गई। बीजेपी ने सुधार के लिए सोशल इंजीनियरिंग का सहारा लिया। एक राजनीतिक जानकार ने कहा, मराठवाड़ा के लातूर, उस्मानाबाद, नांदेड़ जिलों में आरएसएस की अच्छी पकड़ है। इसके अलावा कई जिलों में धर्मगुरुओं ने भी कमान संभाली और हिंदू वोटरों के ध्रुवीकरण में लग गए। ऐसे में ओबीसी वोट भी महायुति की ओर शिफ्ट हुआ। हालांकि नांदेड़ लोकसभा उपचुनाव में बीजेपी को हार का सामना करना पड़ा। विदर्भ में भी लोकसभा चुनाव में बीजेपी गठबंधन को झटका लगा था। इस बार महायुति ने 62 में से 39 सीटों पर कब्जा किया है। कांग्रेस कोयहां काफी नुकसान हुआ है। कोंकण बेल्ट और मुंबई मेट्रोपोलिटन रीजन में ठाकरे परिवार का दशकों पुराना किला ढह गया। यहां 39 में से केवल एक सीट पर ही उद्धव ठाकरे की सेना चुनाव जीत पाई। वहीं 35 सीटों पर महायुति का कब्जा हो गया। माना जाता है कि यहां एकनाथ शिंदे की जमीनी पकड़ है। इसके अलावा आरएसएस का भी अच्छा प्रभाव हहै। मीरा भयंदर की सीट पर बीजेपी के नरेंद्र मेहता ने कांग्रेस के मुजफ्फर हुसैन को 1 लाख 44 हजार वोटों से हराया। पश्चिमी महाराष्ट्र में महायुति को 70 में से 53 सीटों पर सफलता मिली। महाविकास अघाड़ी को केवल 12 सीटें ही मिलीं। एनसीपी नेता अजित पवार ने खुद कहा कि उन्हें यह तो पता था कि जीत होगी लेकिन इतनी बड़ी जीत का अंदाजा नहीं था। कोल्हापुर जिले की सभी 10 सीटों पर महायुति का ही कब्जा हो गया। उत्तर महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में महायुति को 6 में से चार पर हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि इस बार वोट एकदम से महायुति की ओर शिफ्ट हो गया। नारायण राणे का प्रभाव इस इलाके में देखने को मिला। जानकारों का कहना है कि शिवसेना और एनसीपी के टूटने की वजह से वोट भी महायुति की ओर शिफ्ट हुआ है। ऐसे में टूटी पार्टियों का जनाधार तेजी से गिरा है।

## हेमंत सोरेन की जीत का सबसे बड़ा कारण क्या, मंईयां सम्मान योजना कैसे पलटी झारखंड की बाजी

**रांची, एजेंसी।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 का स्पष्ट जनादेश आ गया है। जनता ने इंडिया गठबंधन को दो तिहाई बहुमत से सत्ता की चाबी सौंपी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन के सिर पर जीत का सेहरा सजा है। इस प्रचंड जीत में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को गेम चेंजर के रूप में माना जा रहा है। इसके अलावा भी दो फैक्टर हैं जिन्होंने झारखंड की बाजी पलटकर रख दी। एसटी सीटों पर मजबूत पकड़ रखने वाले झामुमो ने महिला सशक्तीकरण पर खासा जोर दिया। महिलाओं को अपने पक्ष में करने का प्रयास किया। चुनावी नतीजे बता रहे हैं कि बड़ी संख्या में राज्य की महिलाओं ने इंडिया गठबंधन को आशीर्वाद दिया है। विशेषज्ञ मान रहे हैं कि इंडिया गठबंधन को मिली इस दमदार जीत में मंईयां सम्मान योजना की भूमिका अहम है। मंईयां के मान ने हेमंत को फिर झारखंड की कमान सौंप दी है। बता दें कि चुनाव से पहले मुख्यमंत्री ने मंईयां सम्मान राशि एक हजार से बढ़ाकर दिसंबर से ढाई हजार रुपये करने की घोषणा की थी। इस योजना के तहत राज्य की 18 से 50 वर्ष की 57 लाख महिलाओं को चौथी किस्त दी जा चुकी है। पुरुषों की तुलना में राज्य की 81 में से 68 सीटों पर पुरुषों के मुकाबले 5.51 लाख से अधिक महिलाओं ने मतदान किया, जो हेमंत सोरेन के पक्ष में रहा। ऐसे में माना जा रहा है कि झारखंड में हेमंत सोरेन की जीत में सबसे बड़े कारणों में से मंईयां सम्मान योजना का स्थान सबसे ऊपर रहेगा।

## महायुति की जीत पर पीयूष गोयल बोले- महाराष्ट्र की जनता ने तुष्टिकरण की राजनीति को नकारा

**मुंबई, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने महाराष्ट्र में महायुति की जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत



2047 के लक्ष्य में तेजी लाने के लिए एक अच्छा संदेश करार दिया. साथ ही कहा कि महाराष्ट्र के लोगों ने पीएम मोदी द्वारा किए गए अच्छे काम का समर्थन किया है. पीयूष गोयल ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र की जनता ने कांग्रेस पार्टी और महा विकास अघाड़ी (एमवीए) की तुष्टिकरण की राजनीति को खारिज कर दिया है. पीयूष गोयल ने एएनआई से कहा कि एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा-महायुति ने शानदार जीत हासिल की है. यह जीत प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को गति देने और महाराष्ट्र के विकास को और आगे बढ़ाने के लिए एक अच्छा संदेश है.

उन्होंने मतदाताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस जीत से पता चलता है कि लोगों ने पीएम मोदी, देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे और अजित पवार जैसे नेताओं द्वारा किए गए अच्छे काम का समर्थन किया है. गौरतलब है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन ने जीत हासिल की है. भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने अपने सहयोगियों-शिवसेना और एनसीपी को अपने साथ लेकर शानदार जीत दर्ज की. भाजपा ने 132 सीटें जीती हैं. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने 57 सीटें जीती हैं और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी ने 41 सीटें जीती हैं. राज्य में विधानसभा की 288 सीटें हैं. इसके विपरीत महा विकास अघाड़ी (एमवीए) को करारा झटका लगा, जिसमें उद्धव ठाकरे की अगुआई वाली शिवसेना (यूबीटी) ने 20 सीटें जीती, कांग्रेस ने 16 सीट पर जीत दर्ज की और शरद पवार की अगुआई वाली एनसीपी (एसपी) को सिर्फ 10 सीटें मिली. भाजपा ने महाराष्ट्र में 148 सीटों पर चुनाव लड़कर 133 सीटें जीतकर शानदार प्रदर्शन किया. पार्टी की सहयोगी शिवसेना और एनसीपी का भी स्ट्राइक रेट बहुत अच्छा है।

## संक्षिप्त समाचार

### कोल्हापुर में नव निर्वाचित शिवाजी पाटिल के स्वागत के दौरान लगी आग, महिला और पाटिल घायल

**कोल्हापुर, एजेंसी।** महाराष्ट्र के पश्चिमी क्षेत्र के चांदगढ़ तालुक के महागांव में नवनिर्वाचित



निर्दलीय विधायक शिवाजी पाटिल के स्वागत के दौरान एक दुर्घटना हो गई। दरअसल, विधायक के स्वागत में गुलाल उड़ाया जा रहा था और इसी दौरान आग लग गई। यह घटना तब हुई जब महिलाएं विधायक की आरती उतार रही थीं और उसी दौरान जेसीबी से गुलाल गिराया जा रहा था। इस घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि जब विधायक शिवाजी पाटिल की आरती उतारी जा रही थी, तभी एक जेसीबी मशीन से गुलाल को हवा में उड़ाया गया। लेकिन अचानक, गुलाल और आग के संपर्क में आने से आग लग गई, जिससे आसपास अफरा-तफरी मच गई। आग की चपेट में आकर कुछ महिलाएं और विधायक शिवाजी पाटिल घायल हो गए। हालांकि, राहत की बात यह रही कि घायलों को गंभीर चोट नही आई। बता दें कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का रिजल्ट शनिवार को घोषित किया जा चुका है। जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को बहुमत मिला है। वहीं, प्रदेश की चांदगढ़ सीट से निर्दलीय उम्मीदवार शिवाजी पाटिल ने जीत दर्ज की है। शिवाजी पाटिल ने अपनी प्रतिद्वंदी एनसीपी के राजेश पाटिल को 24,134 वोटों से हराया था। इस जीत के बाद उनका स्वागत धूमधाम से किया जा रहा था, इसी दौरान यह हादसा हुआ। राज्य की 288 विधानसभा सीटों के लिए 20 नवंबर को एक चरण में वोटिंग हुई थी। 23 नवंबर को वोटों की गिनती हुई। इस विधानसभा चुनाव में महायुति को बंपर जीत हासिल हुई। वहीं महाअघाड़ी को हार मिली। महायुति को कुल 236 सीटें मिलीं तो महाअघाड़ी के खाते में 48 गईं तो अन्य को महज 4 से संतोष करना पड़ा।

### आजमगढ़ में एम्बुलेंस में खत्म हुई आक्सीजन, कैंसर मरीज की मौत, ड्राइवर-नर्स पर लापरवाही का आरोप



**आजमगढ़, एजेंसी।** जिले में एम्बुलेंस ऑक्सीजन की कमी से शनिवार को एक अधेड़ की मौत हो गई. इसे लेकर परिजनों ने एम्बुलेंस चालक पर लापरवाही का आरोप लगाया और अस्पताल में हंगामा किया. कैंसर मरीज धर्मसेन की बेटी अमृता सिंह ने शहर कोतवाली में तहरीर दी है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. आजमगढ़ के मुख्य चिकित्साधिकारी अशोक कुमार ने कहा कि एम्बुलेंस चालक का लाइसेंस निरस्त होगा. इसके साथ ही एंबुलेंस में मौजूद नर्स के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी. तहबरपुर थाना क्षेत्र के रैसिंहपुर निवासी धर्मसेन सिंह (55) पुत्र स्व. तिलक की बेटी अमृता सिंह ने बताया कि उनके पिता को कैंसर था. उनको उसे टाटा कैंसर हॉस्पिटल वाराणसी में भर्ती कराया गया था. इसके बाद परिजन शनिवार को धर्मसेन को निजी एम्बुलेंस से लेकर आजमगढ़ आ रहे थे. परिजन जब उन्हें लेकर चले तो वह ठीक थे. रास्ते में उन्होंने आक्सीजन कम होने की शिकायत की. परिजनों ने एम्बुलेंस चालक राजू यादव से ऑक्सीजन भरवाने को कहा. लेकिन, उसने आक्सीजन नहीं भरवाई. इसके चलते धर्मसेन की हालत बिगड़ती गई. ड्राइवर ने आक्सीजन भरवाने की बजाए एम्बुलेंस को सीधे मंडलीय अस्पताल लेकर पहुंच गया. वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद धर्मसेन सिंह को मृत घोषित कर दिया. इसके बाद परिजनों ने अस्पताल में ही हंगामा शुरू कर दिया. लोगों के हंगामे की सूचना मिलते ही नगर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई. पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर मामले को शांत कराया. इस मामले में बेटी अमृता सिंह ने शहर कोतवाली में चालक के खिलाफ तहरीर दी है. धर्मसेन किसान थे. उनके दो बेटियां और एक बेटा है. इस मामले में सीएमओ अशोक कुमार ने बताया की एम्बुलेंस चालक का लाइसेंस निरस्त होगा. ताकि भविष्य में कोई दूसरा एम्बुलेंस चालक ऐसी गलती दोबारा न करे. इसकी जांच एसआईसी को सौंप दी गयी है. कोतवाल शशि मौली पांडेय ने बताया कि तहरीर मिल गयी है।

### पहली बार जनता के लिए खुलेगा देहरादून स्थित राष्ट्रपति आशियाना, इतिहास से होंगे रूबरू

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के राजपुर रोड स्थित ऐतिहासिक राष्ट्रपति आशियाना अगले साल 2024 अप्रैल माह से जनता के लिए खोल दिया जाएगा. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के निर्देश पर जनता के लिए राष्ट्रपति आशियाना को खोला जाएगा. जिसको लेकर शनिवार को राष्ट्रपति सचिवालय के अधिकारी देहरादून पहुंचे. राष्ट्रपति सचिवालय में अपर सचिव डॉ. राकेश गुप्ता ने राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक कर आशियाना को जनता के लिए खोलने पर चर्चा किया. साथ ही आशियाना में जनता के लिए जरूरी सुविधाएं जुटाने के निर्देश दिए हैं. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के निर्देश पर देहरादून स्थित 186 साल पुराने राष्ट्रपति आशियाना को अब आम जनता के लिए खोला जा रहा है. करीब 21 एकड़ क्षेत्रफल में फैले इस आशियाना परिसर का इस्तेमाल अभी सिर्फ राष्ट्रपति बॉडीगार्ड (पीबीजी) की ओर से किया जा रहा है।

## हिमाचल में पीडब्ल्यूडी के मल्टी टास्क वर्करों का मानदेय 500 रुपये बढ़ा, अधिसूचना जारी

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने पीडब्ल्यूडी में नियुक्त मल्टी टास्क वर्करों के मानदेय में 500 रुपये की बढ़ोतरी की है। अब इन कर्मचारियों को हर महीने 4500 रुपये की बजाय 5000 रुपये मिलेंगे। इस बढ़ोतरी की अधिसूचना शनिवार को अतिरिक्त सचिव लोक निर्माण विभाग सुरजीत सिंह राठौर द्वारा जारी की गई है। इसका फायदा पीडब्ल्यूडी में सेवारत चार हजार से अधिक मल्टी टास्क वर्करों को होगा। यह कदम प्रदेश सरकार द्वारा पिछले दिनों की मंत्रिमंडल बैठक में लिया गया था, जिसमें राज्य सरकार ने पीडब्ल्यूडी के मल्टी टास्क वर्करों के वेतन में बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया। कैबिनेट की बैठक में यह मुद्दा उठाया गया था और इसके बाद ही मानदेय में 500 रुपये की वृद्धि की घोषणा की गई। इसी साल फरवरी महीने में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विधानसभा के बजट सत्र के दौरान 2024-25 के बजट पर चर्चा के जवाब में मल्टी टास्क वर्करों के मानदेय में बढ़ोतरी का एलान किया था। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इस निर्णय की अधिसूचना को साझा किया। उनका कहना है कि राज्य सरकार लगातार कर्मचारियों की भलाई के लिए काम कर रही है और भविष्य में भी इस दिशा में कार्य जारी रहेगा।

## वसुंधरा राजे ने दिखाए तल्ख तेवर, बोलीं- दुश्मन के आगे सर कटा लो झुकाओ मत

**झालावाड़, एजेंसी।** प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे तथा क्षेत्रीय सांसद तथा उनके पुत्र दुष्यंत सिंह शनिवार को झालावाड़ के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे. जहां उन्होंने जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की तथा दर्जन पर विकास कार्यों का लोकार्पण कर उन्हें जनता को समर्पित किया. वहीं, देर शाम झालरापाटन पहुंची पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने झालरापाटन नगर पालिका द्वारा स्थापित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 14 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण भी किया. इस मौके पर राजे ने अपने विरोधियों को जमकर आड़े हाथों लिया तथा उन्हें हद में रहने की नसीहत दे डाली. इशारों ही इशारों में पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा विरोधियों पर कसे गए तंज के अब कई मायने निकाले जा रहे हैं.

सांप को कितना प्रेम कर लो उगलेगा जहर = महाराणा प्रताप की प्रतिमा के लोकार्पण पर राजे ने आमजन से छल करने वाले लोगों से सावधान रहने के लिए कहा. उन्होंने कहा कि सांप का स्वभाव ही कुछ विचित्र होता है उसे कितना प्रेम कर लो,वह अपने स्वभाव के अनुरूप कभी न कभी तो आप पर जहर उगलेगा ही. ऐसे लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि आजकल लोग पीठ में छुरा घोंपने में माहिर हैं.

सूरज की रोशनी को रोकने का उनमें सामर्थ्य नहीं = राजे ने अपने विरोधियों पर पलटवार करते हुए कहा कि बादल कुछ देर तो सूरज के आगे आकर उसे अदृश्य कर सकते हैं, लेकिन अधिक समय तक सूरज की रोशनी को रोकने का सामर्थ्य



उनमें नहीं होता. उन्होंने महाराणा प्रताप को याद करते हुए कहा कि समय का चक्र जब घूमता है तो महल में मखमल पर सोने वाले राजाओं को भी जंगल में कांटो के बिस्तर पर सोना पड़ता है. उन्होंने कहा कि हमें महाराणा प्रताप का जीवन यही सिखाता है कि विकट परिस्थिति में भी जो हार नहीं मानते हैं, जीत उन्हीं की होती है. जो सुख में अति प्रसन्न और संकट में डर कर झुक जाते हैं, उन्हें न तो सफलता मिलती और न ही इतिहास उन्हें याद रखता है. सर कटा लो, दुश्मन के सामने सिर मत झुकाओ = राजे ने अपने विरोधियों को आंख दिखाते हुए उन पर जोरदार हमला बोला. उन्होंने कहा कि जीवन मे पहले स्वाभिमान उसके बाद अपनी जान. उन्होंने आगे कहा कि सिर काट लो, लेकिन दुश्मन के सामने कभी सिर मत झुकाओ. जब तक लक्ष्य प्राप्ति न हो जाए. इस दौरान महारानी वसुंधरा राजे का दर्द भी छलका. उन्होंने कहा कि हमें डरने की जरूरत नहीं हम जिस चीज के लिए लड़ रहे हैं अगर वह सही है तो हमें सर झुकाने की कोई जरूरत नहीं है. उन्होंने कहा कि 24 घंटे लगातार अपने लक्ष्य के लिए लड़ते रहो आपका काम हो जाएगा. सार्वजनिक मंच से राजे ने दिखाए तल्ख तेवर = प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद से ही राजे अपने विरोधियों तथा भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से खफा हैं. ऐसे में भाजपा की कई बैठकों तथा पार्टी के कई कार्यक्रमों में उनकी अनुपस्थित देखी गई है. वहीं सार्वजनिक मंच से उनके द्वारा कई बार तल्ख टिप्पणियां भी की जाती रही है. उनके द्वारा कुछ दिन पूर्व लोगों को पीतल मिलने पर अपने आप को सर्राफ समझने वाले बयान ने राजस्थान की राजनीति में भूचाल ला दिया था. ऐसे में दुश्मन के आगे सर कटा लो लेकिन सर मत झुकाओ का बयान अब चर्चा में है.

## हल्दी और निंबू पानी से ठीक नहीं होता है कैंसर; सिद्धू के दावों पर डॉक्टरों ने उठाए सवाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व क्रिकेटर और राजनेता नवजोत सिंह सिद्धू ने हाल ही में दावा किया था कि उनकी पत्नी नवजोत कौर ने लाइफस्टाइल में बदलाव लाकर कैंसर जैसी असाध्य बीमारी को परास्त कर दिया। आपको बता दें कि उनका कैंसर स्टेज-4 में चला गया था। अब डॉक्टरों ने उन्हें फिट घोषित कर दिया है। सिद्धू के इस बयान ने सोशल मीडिया से लेकर मेडिकल जगत में खूब सुर्खियां बटोरी। सिद्धू ने कहा था कि उनकी पत्नी ने एक सख्त और अनुशासित जीवनशैली अपनाई, जिसमें नींबू पानी, कच्ची हल्दी, सेब साइडर विनेगर, नीम के पत्ते और तुलसी जैसी चीजें शामिल थीं। इसके अलावा, उनके आहार में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-कैंसर खाद्य पदार्थ शामिल थे।

वह कद्दू, अनार, आंवला, चुकंदर और अखरोट से बने जूस का सेवन करती थीं। खाना बनाने के लिए नारियल तेल, कोल्ड प्रेस्ड तेल या बादाम तेल का इस्तेमाल किया जाता था। उनकी सुबह की चाय में दारचीनी, लौंग, गुड़ और इलायची डाली जाती थी। सिद्धू ने यह भी कहा कि उनकी पत्नी का कैंसर दवा से ठीक नहीं हुआ



बल्कि यह उनकी अनुशासन की वजह से हुआ। सिद्धू ने यह भी बताया कि कैंसर का इलाज सरकारी अस्पतालों में भी प्रभावी तरीके से हो सकता है। इसका इलाज पैसों से नहीं बल्कि अनुशासन से हुआ। सिद्धू के इस बयान ने डॉक्टरों की समुदाय में चिंता पैदा कर दी है। टाटा मेमोरियल अस्पताल के 262 डॉक्टरों ने एक बयान जारी कर कहा कि वर्तमान में इन प्राकृतिक उपायों या जीवनशैली बदलावों को कैंसर के इलाज के रूप में साबित करने के लिए कोई क्लिनिकल डेटा मौजूद नहीं है। टाटा मेमोरियल अस्पताल के डॉक्टरों ने स्पष्ट किया कि हल्दी और नीम जैसे कुछ प्राकृतिक उत्पादों पर शोध हो रहा है, लेकिन इनको एंटी-कैंसर एजेंट के रूप में उपयोग करने का कोई मजबूत वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है। डॉक्टरों ने लोगों से अपील की कि वे अप्रमाणित उपचारों पर भरोसा न करें और कैंसर के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। डॉक्टरों ने खासकर दूध और चीनी को छोड़ने से कैंसर को भूखा करना और हल्दी और नीम का सेवन करने के दावों पर सवाल उठाया। डॉक्टरों ने कहा कि इनका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि इन उत्पादों के कुछ स्वास्थ्य लाभ हो सकते हैं, लेकिन इन्हें पारंपरिक चिकित्सा उपचारों का स्थान नहीं दिया जाना चाहिए।

**समय पर इलाज जरूरी :** डॉक्टरों ने आम जनता से अपील की कि वे कैंसर के किसी भी लक्षण के बारे में तुरंत विशेषज्ञ डॉक्टर से परामर्श करें। जल्द पहचान कैंसर के इलाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सर्जरी, रेडिएशन थेरेपी और कीमोथेरेपी जैसे प्रमाणित उपचार ही कैंसर को ठीक करने के सबसे प्रभावी तरीके हैं।

## ब्रेकअप से आहत प्रेमी ने प्रेमिका को उतारा मौत के घाट

**सिलचर, एजेंसी।** असम के नागांव जिले में सनसनखेज वारदात हुई है। यहां 35 वर्षीय शख्स ने अपनी पूर्व प्रेमिका की किसी और से शादी से ठीक पहले उसके परिवार के तीन सदस्यों की कथित तौर पर हत्या कर दी। हत्याकांड में आरोपी ने प्रेमिका और उसके मां-बाप को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने वारदात को अंजाम देने के बाद अपनी कलाई काटकर आत्महत्या कर ली। आरोपी की पहचान अनुपम सूत्रधर नाम के व्यक्ति के रूप में हुई है। यह घटना शुक्रवार को नागांव जिले के रुपहीहाट पुलिस स्टेशन के तहत गोराजन इलाके में हुई। पुलिस ने बताया कि उन्होंने देर शाम शव बरामद किये। एक वरिष्ठ पुलिसकर्मी ने कहा कि तीन शवों की पहचान एक ही परिवार के सदस्यों के रूप में हुई। जबकि चौथा मृतक आरोपी है। उसकी पहचान शनिवार को की गई। अधिकारी ने एचटी को बताया, प्रारंभिक जांच के अनुसार, अनुपम सूत्रधार का परिवार की एक लड़की के साथ अफेयर था और 2022 में उनका ब्रेकअप हो गया था। स्थानीय लोगों के मुताबिक, परिवार में शादी थी और तैयारियां चल रही थीं। उन्होंने कहा, शुक्रवार को हमने चार शव देखे लेकिन एक व्यक्ति हमारे लिए अज्ञात था। परिवार के तीन मृत सदस्यों की पहचान धनुघर सरकार, उनकी पत्नी सानुधर सरकार और उनकी बेटी जजस्मिति सरकार के रूप में की गई है। परिजनों के मुताबिक धनुघर की बड़ी बेटी की शादी मोहल्ले के ही एक युवक से हो रही थी। परिवार के सदस्यों ने पुलिस को बताया कि अनुपम पिछले दो साल से बड़ी बेटी से संपर्क करने की कोशिश कर रहा था। लड़की नगांव में शिक्षिका के रूप में काम करती थी। ब्रेकअप के बाद उसने मिलने से इनकार कर दिया था। लड़की को डराता था अनुपम उन्होंने कहा, अनुपम पीड़िता को डराने की कोशिश करता था, इसलिए वो हमेशा डरी हुई रहती थी। जब उसके पिता ने उसकी शादी तय कर दी तो वह आसानी से राजी हो गई। शादी इसी सप्ताह तय थी, तैयारी चल रही थी लेकिन अब इस घटना ने इलाके में दहशत पैदा कर दी है। कुछ दिन पहले बनाई साजिश नगांव जिले के पुलिस अधीक्षक स्वप्ननील डेका ने कहा, प्रथम दृष्ट्या साक्ष्य से पता चलता है कि अनुपम ने पहले किसी धारदार वस्तु से धनुघर, उसकी पत्नी और बेटी की हत्या की और बाद में खुद को भी मार डाला। डेका ने कहा, अनुपम नगांव शहर का ही रहने वाला है। वह गोराजन से लगभग 16 किलोमीटर दूर है। ऐसा संदेह है कि अनुपम ने हत्या की योजना बनाई और इसे चुपचाप अंजाम दिया। पुलिस ने कहा, हम मामले की जांच कर रहे हैं और धनुघर और अनुपम दोनों के परिवार के सदस्यों से भी पूछताछ कर रहे हैं।

## लोकसभा चुनाव की चमक कांग्रेस ने 6 महीने में ही गंवाई?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के बाद वापसी करती हुई दिख रही कांग्रेस को कुछ ही समय में दो बड़े झटके लग गए। पहले हरियाणा का विधानसभा चुनाव हार गई और अब महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी गठबंधन के तहत लड़ रही पार्टी को भी बुरी तरह पराजय का सामना करना पड़ा है। छह महीने में ही जो माहौल कांग्रेस और विपक्ष के लिए बनता दिख रहा था, उसे दो राज्यों ने पूरी तरह से बदल दिया। साथ ही इन दोनों चुनावी हार के बाद राहुल गांधी की इमेज पर भी डेंट लगा है। उनके रहते हुए पार्टी को एक के बाद एक कई चुनावों में हार का सामना करना पड़ा है। पिछले दस सालों में कांग्रेस की राज्य दर राज्य हार होती जा रही है और साथ ही, दस सालों में वह तीन लोकसभा चुनावों को भी हार चुकी है।

**पहले हरियाणा में जीती हुई बाजी गंवाई :** हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत लगभग तय मानी जा रही थी। तमाम ओपिनियन पोल में कांग्रेस बंपर बहुमत हासिल करती दिख रही थी। वहीं, जब वोटिंग के बाद एग्जिट पोल आया तो उसमें भी कांग्रेस की ही सरकार बनने का अनुमान था, लेकिन नतीजों के दिन बाजी पलट गई। पहले डेढ़ घंटे तक आगे चल रही कांग्रेस अचानक बीजेपी से ऐसा पिछड़ी कि पूरा राज्य ही गंवाना पड़ा। बीजेपी ने कांग्रेस को हराते हुए लगातार तीसरी बार



सरकार बनाई। नतीजों से कांग्रेस को तगड़ा झटका लगा। हरियाणा में राहुल गांधी ने भी कई दिनों तक चुनावी प्रचार किया और जलेबी का मुद्दा बनाया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। पार्टी को बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा।

**लोकसभा चुनाव के बाद बदल गई थी राहुल की इमेज :** इस साल अप्रैल-मई और जून में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 99 सीटों पर जीत दर्ज की थी। कुछ महीने पहले तक 400 पार सीटें जीतती हुई दिख रही बीजेपी और गठबंधन एनडीए 300 पार भी नहीं पहुंच सका था। बीजेपी अकेले बहुमत के आंकड़े से पीछे रह गई। इसके बाद राहुल गांधी की नई छवि सबके सामने आई। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष का पद स्वीकार करते हुए संसद में कई तीखे हमले बोले। संसद सत्र के दौरान राहुल प्रधानमंत्री मोदी से कड़े सवाल पूछते नजर आए। अपने भाषण में उन्होंने बिजनेसमैन अडानी पर भी प्रहार किए। मणिपुर में हो रही हिंसा को लेकर भी राहुल संसद में मोदी सरकार पर हमलावर दिखे। पहले आम चुनाव के नतीजों और फिर राहुल के भाषणों से देश की जनता को यकीन होने लगा कि कांग्रेस का बुरा वक्त खत्म हो गया है और दस सालों से वनवास झेल रही पार्टी वापसी करने लगी है।

आईपीएल मेगा ऑक्शनः

# ऋषभ पंत आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे क्रिकेटर

● लखनऊ ने 27 करोड़ की बोली लगाकर खरीदा, श्रेयस को पंजाब ने 26.75 करोड़ दिए

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के लिए मेगा नीलामी जारी है। शुरू में 12 मार्की खिलाड़ियों पर बोली लगी। इस बार मार्की खिलाड़ियों की सूची में सात भारतीय और पांच विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी क्रिकेट जगत में काफी लोकप्रिय हैं इन्होंने पिछले कुछ सालों में टी20 क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। इनमें सभी की नजर ऋषभ पंत पर थी। पंत को नीलामी से पहले दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने रिलीज किया था। उन पर बड़ी बोली लगनी तय थी और ऐसा ही हुआ भी। लखनऊ सुपर जाएंट्स की टीम ने पंत को 27 करोड़ रुपये में खरीदा।




2016 के बाद पहली बार पंत दिल्ली के अलावा किसी और टीम से खेलते दिखेंगे। पंत हाल फिलहाल में शानदार फॉर्म में रहे हैं। उन्होंने पिछले साल कार दुर्घटना के बाद वापसी करते हुए खूब रन बनाए थे। लखनऊ की टीम उन्हें कप्तान बना सकती है। पंत इस तरह आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा कीमत पर बिकने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में श्रेयस अय्यर को पीछे छोड़ दिया है जो थोड़ी देर पहले ही 26.75 करोड़ रुपये में बिके थे। ऋषभ पंत के लिए लखनऊ और आरसीबी के बीच शुरुआत में जंग देखने मिली। पंत दो करोड़ रुपये के आधार मूल्य के साथ नीलामी में उतरे थे और कम ही समय में उनकी कीमत 10 करोड़ रुपये के पार पहुंच गई थी। इस दौरान हैदराबाद भी दौड़ में शामिल हुई, लेकिन लखनऊ ने भी हार नहीं मानी। नीलामी टेबल पर हैदराबाद की मालकिन काव्या मारन और लखनऊ के मालिक संजय गोयनका लगातार पंत के लिए बोली लगाते रहे और देखते ही देखते कीमत 17 करोड़ के पार पहुंच गई।

## रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया पहुंचे, दूसरे टेस्ट में टीम का हिस्सा होंगे



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया के पर्थ पहुंच गए हैं। वे शनिवार (23 नवंबर) देर रात मुंबई एयरपोर्ट से ऑस्ट्रेलिया के लिए रवानाहुए थे। रोहित ने 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले से ब्रेक लिया था।

रोहित की गैरमौजूदगी में पहले टेस्ट में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने टीम की कमान संभाली। वहीं केएल राहुल ओपनिंग का जिम्मा संभाले। रोहित दूसरे टेस्ट में टीम का हिस्सा होंगे। रोहित के अलावा बाकी भारतीय टीम 10-11 नवंबर को ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हुई थी। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पहला टेस्ट कल से शुरू होगा। दूसरा टेस्ट 6 दिसंबर से एडिलेड में शुरू होगा, जो डे-नाइट मैच है।

रोहित शर्मा पर्थ पहुंच गए हैं।

दूसरी बार पिता बने रोहित टीम इंडिया के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित दूसरी बार पिता बन गए हैं। उनकी पत्नी रितिका सजदेह ने 15 नवंबर को देर रात बेटे को जन्म दिया। रोहित ने अपने बच्चे के जन्म के लिए टीम इंडिया से ब्रेक लिया था। 2015 में की थी शादी रोहित ने 13 दिसंबर 2015 को रितिका सजदेह से शादी की थी। 30 दिसंबर 2018 को रितिका ने बेटी समायरा को जन्म दिया।

समायरा अब 5 साल की हो चुकी है। ऑस्ट्रेलिया में 5 टेस्ट खेलेगी टीम इंडिया टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया में 32 साल बाद 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलने गई है। सीरीज का पहला मैच 22 नवंबर से पर्थ में खेला जाएगा, टीम फिर 6 दिसंबर से एडिलेड में डे-नाइट टेस्ट खेलेगी। सीरीज का पांचवां और आखिरी टेस्ट 3 जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने के लिए भारत को ऑस्ट्रेलिया में 4 टेस्ट जीतने ही होंगे।

## प्रियांश आर्या के शतक से जीती दिल्ली, रिंकू सिंह ने खेली तूफानी पारी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 में ग्रुप सी के मुकाबले में दिल्ली की टीम ने उत्तर प्रदेश (यूपी) को 47 रन से हराने में सफलता हासिल की। दिल्ली के लिए इस मैच में प्रियांश आर्या का प्रदर्शन कमाल का रहा जिन्होंने शतक लगाया।

यूपी के लिए रिंकू सिंह ने जरूर बेहतरीन पारी खेली, लेकिन वो टीम को जीत का स्वाद नहीं चखा पाए। इस मैच में यूपी ने टॉस जीता और दिल्ली को पहले बल्लेबाजी करने को कहा। इसके बाद दिल्ली ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 233 रन बनाए और यूपी को जीत के लिए 234 रन का बड़ा टारगेट मिला। यूपी ने दूसरी पारी में 20 ओवर में 8 विकेट पर 186 रन बनाए और इस टीम को हार मिली।

प्रियांश आर्या ने लगाया शतक

दिल्ली की तरफ से इस मैच मे यूपी के खिलाफ ओपनर बल्लेबाज प्रियांश आर्या ने 10 छक्के और 5 चौकों की मदद से 102 रन की पारी खेली और उन्होंने 43 गेंदों का सामना किया। यश ढुल ने इस मैच में 6 रन बनाए जबकि कप्तान आयुष बदोनी ने 26 रन की पारी खेली। इसके बाद हिम्मत सिंह ने 6 छक्के और 4 चौकों की मदद से 34 गेंदों पर नाबाद 77 रन की पारी खेली। यूपी की तरफ से कप्तान भुवनेश्वर कुमार और नितीश राणा को एक-एक सफलता मिली।

दिल्ली ने यूपी को जीत के लिए बड़ा टारगेट दिया था।

इंडिया-ऑस्ट्रेलिया टेस्टः

## ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए चाहिए 522 रन, स्कोर 12/3



**पर्थ, एजेंसी।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पर्थ स्टेडियम में पांच मैचों की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी सीरीज का पहला मैच पर्थ स्टेडियम में खेला जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया को 104 रन पर रोकने के बाद भारत ने तीसरे दिन 218 रन की लीड के आगे खेलना शुरू करते हुए यशस्वी जायसवाल (161) और विराट कोहली (100) के शतकों के अलावा केएल राहुल की 77 रन की अर्धशतकीय पारी की बदौलत 6 विकेट के नुकसान पर 487 रन बनाते हुए ऑस्ट्रेलिया के सामने 535 रन का लक्ष्य रखा है। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से दूसरी इनिंग में नाथन लायन ने 2 विकेट अपने नाम किए जबकि मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड, पैट कमिंस और मिशेल मार्श ने एक-एक विकेट अपने नाम किया।

लक्ष्य प्राप्ति के लिए मैदान में उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 3 विकेट के नुकसान पर 12 रन बनाए। इस दौरान मोहम्मद सिराज ने 2 जबकि जसप्रीत बुमराह ने एक विकेट अपने नाम किया।



## विराट कोहली ने 491 दिन बाद जड़ा शतक

- ब्रेडमैन को छोड़ा पीछे
- तेंदुलकर, द्रविड़ और गावस्कर के क्लब में हुए शामिल

**पर्थ, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे दिन रविवार (24 नवंबर) को यशस्वी जायसवाल के बाद विराट कोहली ने शतक जड़कर भारतीय टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। कोहली ने पर्थ टेस्ट के तीसरे दिन 30वां शतक जड़ा। 491 दिन बाद उन्होंने शतक जड़कर दिग्गज डॉन ब्रेडमैन को पीछे छोड़ दिया। वह 30 या इससे ज्यादा शतक लगाने वाले भारत के चौथे खिलाड़ी बन गए। इससे पहले सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और सुनील गावस्कर यह कारनामा कर चुके हैं। विराट कोहली ने 29वां टेस्ट शतक वेस्टइंडीज के खिलाफ पोर्ट ऑफ स्पेन में 20 जुलाई 2023 को लगाया था। इसके बाद 15 पारी में वह शतक नहीं लगा पाए। पर्थ टेस्ट की पहली पारी में वह 5 रन बनाकर आउट हो गए थे। 2024 में कोहली का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। इस शतक से पहले वह सिर्फ 2 अर्धशतक ही जड़ पाए थे।



## यशस्वी ऑस्ट्रेलिया में अपने पहले टेस्ट में शतक लगाने वाले तीसरे भारतीय बने

**पर्थ, एजेंसी।** युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल रविवार को ऑप्टस स्टेडियम में पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के शुरुआती टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के अपने पहले दौरे पर शतक लगाने वाले तीसरे भारतीय क्रिकेटर बन गए हैं। जयसवाल ने पारी के 61वें ओवर में अपना शतक बनाया जिसमें उन्होंने 8 चौके और 3 छक्के लगाए। 100 रन की इस पारी के साथ बाएं हाथ के बल्लेबाज ने रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया क्योंकि वह ऑस्ट्रेलिया के अपने पहले दौरे पर शतक बनाने वाले भारत के तीसरे बल्लेबाज बन गए।

यह उपलब्धि हासिल करने वाले अन्य दो बल्लेबाज एम.एल. जयसिम्हा (1967-68) और महान खिलाड़ी सुनील गावस्कर (1977-78) हैं। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने भारत के लिए 23 साल की उम्र से पहले एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा टेस्ट शतक बनाने का रिकॉर्ड भी दर्ज किया। वह 28 दिसंबर को अपना जन्मदिन मनाएंगे। बल्लेबाज के नाम अभी तक तीन शतक हैं और 2024 में अभी तीन मैच और खेलने हैं।

इस सूची में जायसवाल से ऊपर सुनील गावस्कर (1971 में 4 शतक), विनोद कांबली (1993 में 4 शतक), रवि शास्त्री (1984 में 3 शतक) और सचिन तेंदुलकर (1992 में 3 शतक) हैं। ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट शतक बनाने वाले आखिरी भारतीय सलामी बल्लेबाज केएल राहुल (110) थे जिन्होंने 2014-15 में सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर शतक बनाया था। इस शतक के साथ उन्होंने एक और रिकॉर्ड बनाया।

प्रीमियर लीगः



## चार बार के चैंपियन मैनचेस्टर सिटी की टोटेनहैम के हाथों करारी हार

**लंदन, एजेंसी।** चार बार के गत चैंपियन मैनचेस्टर सिटी को शनिवार को यहां टोटेनहैम के खिलाफ प्रीमियर लीग फुटबॉल मुकाबले में 0-4 से शिकस्त झेलनी पड़ी जो सभी प्रतियोगिताओं में उसकी लगातार पांचवीं हार है। इस हार के बाद मैनचेस्टर सिटी की टीम शीर्ष पर चल रहे लीवरपूल से पांच अंक पीछे है। सिटी के 23 जबकि लीवरपूल के 28 अंक हैं। लीवरपूल ने हालांकि एक मैच कम खेला है। टोटेनहैम की टीम 19 अंक के साथ छठे स्थान पर है। टोटेनहैम की ओर से जेम्स मेडिसन (13वें और 20वें मिनट) ने दो गोल दागे जबकि पेड्रो पोरो (52वें मिनट) और ब्रेनेन जॉनसन (90 प्लस तीन मिनट) ने एक-एक गोल किया। तीसरे स्थान पर काबिज चेल्सी ने लीसेस्टर को 2-1 से हराया जबकि चौथे स्थान पर चल रहे आर्सेनल ने नॉटिंघम फॉरेस्ट के खिलाफ 3-0 से जीत दर्ज की। पांचवें स्थान पर मौजूद ब्राइटन ने बोर्नेमाउथ को 2-1 हराया।



बैडमिंटनः

## फाइनल में पहुंचने से चूकी सात्विक-चिराग की जोड़ी

**शेनझेन, एजेंसी।** विश्व नंबर एक रह चुकी भारतीय जोड़ी 74 मिनट तक चले मुकाबले में दबाव बरकरार नहीं रख सकी और गैर वरीय कोरियाई जोड़ी से 18-21, 21-14, 16-21 से हार गई। भारत के सात्विकसाईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी शनिवार को चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में कोरिया के जिन योंग और सियो सेउंग जे से तीन गेम में हारकर बाहर हो गई।

विश्व नंबर एक रह चुकी भारतीय जोड़ी 74 मिनट तक चले मुकाबले में दबाव बरकरार नहीं रख सकी और गैर वरीय कोरियाई जोड़ी से 18-21, 21-14, 16-21 से हार गई। पेरिस ओलंपिक के बाद अपने पहले टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा कर रही यह भारतीय जोड़ी पिछले चरण के फाइनल में पहुंची थी।

एफ-1 विश्व चैंपियनशिपः

## मैक्स वेरस्टापेन ने चौथी बार एफ-1 विश्व चैंपियनशिप का खिताब जीता, बना दिया खास रिकॉर्ड



**लास वेगास, एजेंसी।** वेरस्टापेन ने तीन हफ्ते पहले ब्राजील में ग्रिड पर जीत हासिल करके 10-रेस के जीत के सूखे को समाप्त कर दिया था और यह सुनिश्चित किया था कि उनका खिताब बचा रहे।

मैक्स वेरस्टापेन फॉर्मूला वन के इतिहास में चार विश्व चैंपियनशिप खिताब जीतने वाले सिर्फ छठे रेसर बन गए हैं। उन्होंने रविवार को लास वेगास ग्रां प्री में पांचवें स्थान पर रहकर प्रतिद्वंद्वी लैंडो नोरिस को विश्व खिताब जीतने से वंचित कर दिया। वेरस्टापेन अब जुआन मैनुअल फैंगियो (पांच खिताब), एलेन प्रोस्ट (चार), माइकल शूमाकर (सात), सेबेस्टियन वेटेल (चार) और लुईस हैमिल्टन (सात) की लिस्ट में शामिल हो गए हैं।

वेरस्टापेन ने तीन हफ्ते पहले ब्राजील में ग्रिड पर जीत हासिल करके 10-रेस के जीत के सूखे को समाप्त कर दिया था और यह सुनिश्चित किया था कि उनका खिताब बचा रहे।

## सफेद मोहरो से करेंगे भारत के गुकेश विश्व शतरंज चैंपियनशिप की शुरुआत

**सिंगापुर, एजेंसी।** फीडे 2024 विश्व शतरंज चैंपियनशिप के उदघाटन समारोह के साथ ही मैच की शुरुआत हो गयी और साथ ही अब पहले मुकाबले की उल्टी गिनती शुरू हो गयी है। डिंग लिरेन और गुकेश डी के बीच उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया।

इस ऐतिहासिक अवसर पर सिंगापुर के कैपिटल थियेटर में 400 से अधिक मेहमान उपस्थित थे, जो सिंगापुर के सांस्कृतिक और नागरिक क्षेत्र के दिल में स्थित एक प्रमुख स्थल है। गाला शाम की शुरुआत शानदार संगीत प्रस्तुति, और दोनों देशों चीन और भारत के राष्ट्रगानों से हुई। इसके बाद सबसे महत्वपूर्ण घटनाक्रम था दोनों खिलाड़ियों के बीच पहले मुकाबले के लिए रंगों का चयन करना,और इस बार गुकेश डी को पहले खेल में सफेद मोहरे मिले।

2013 की विश्व शतरंज चैंपियनशिप में आनंद के खिलाफ कार्लसन नें सफेद मोहरो से खेल की शुरुआत की थी और कई शतरंज प्रेमी



इसे गुकेश के लिए भी अच्छा बता रहे है । सिंगापुर के वरिष्ठ मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा समन्वयक, श्री तेओ ची हेअन ने इस ऐतिहासिक मैच के महत्व पर बात की और कहा, यह विश्व चैंपियनशिप हमारे क्षेत्र के लिए विशेष महत्व रखती है। यह पहली बार है जब दो एशियाई ग्रैंडमास्टर एक-दूसरे के खिलाफ खेल रहे हैं। सिंगापुर इस ऐतिहासिक मैच का मेज़बान बनकर गर्वित है। अध्यक्ष, श्री आर्कडी ड्वॉर्कोविच ने मीडिया का धन्यवाद करते हुए कहा, आज हम इतिहास रचने जा रहे हैं, जब भारतीय टाइगर गुकेश, 18 साल की उम्र में, चीन के ड्रेगन डिंग लिरेन, विश्व चैंपियन को चुनौती देंगे। यह मैच न केवल शतरंज के इतिहास को आकार देगा, बल्कि भविष्य को भी प्रभावित करेगा, क्योंकि इस मैच को दुनिया भर में लाखों लोग देखेंगे।

इस विश्व चैंपियनशिप में डिंग लिरेन (चीन) और गुकेश डी (भारत) के बीच 14-मुकाबलों का मैच होगा।

# जनकल्याण और कानून व्यवस्था की स्थिति आदर्श रहे : मुख्यमंत्री

## खाद वितरण कार्य व्यवस्थित हो, कालाबाजारी करने वालों के विरूद्ध उठाएं सख्त कदम

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के सभी जिलों में चाहे विकास का प्रश्न हो, शासन की प्राथमिकताओं के अनुसार कार्यों का क्रियान्वयन या कानून-व्यवस्था की बात हो, आदर्श स्थिति बनाए रखने का दायित्व कलेक्टर-एसपी का है। अपने जिले में सभी व्यवस्थाओं के लिए कलेक्टर्स और एसपी जिम्मेदार होंगे। जिन जिलों से अनियमितताओं की शिकायतें आएंगी, वहां बड़े अधिकारियों को भी नहीं बख्शा जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गत शुक्रवार की सायं भोपाल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जिला एवं संभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर उक्त निर्देश दिए। इस मौके पर कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में कलेक्टर सुरेश कुमार, जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में जनकल्याण की दृष्टि से जिलों के पुनर्गठन के लिए राज्य शासन ने आयोग गठित किया है। इसमें कलेक्टर और जनप्रतिनिधि भी जरूरी सुझाव देकर सहयोग करें। आने वाले समय में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण, आबादी के अनुपात में प्रतिनिधित्व देने जैसे निर्णय क्रियान्वित होंगे। इस दृष्टि से अनेक प्रशासनिक कार्यों का सह संबंध रहेगा। जिला स्तर पर भी जनकल्याण के साथ प्रशासनिक सुधार प्राथमिक कार्य है। परीक्षाओं को देखते हुए निर्धारित ध्वनि से अधिक कोलाहल यंत्रों पर नियंत्रण, नशे का व्यापार करने वालों पर अंकुश, पराली जलाने पर रोक, किसानों के लिए खाद और उर्वरक के व्यवस्थित वितरण, राजस्व कार्यों के त्वरित निराकरण को मुस्तैदी से किया जाए। खाद की कालाबाजारी करने वालों के विरूद्ध सख्त कदम उठाए जाएं। धान, ज्वार-बाजरा और सोयाबीन की खरीदी मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में धान, ज्वार-बाजरा और सोयाबीन खरीदी से संबंधित कार्य व्यवस्थित रूप से सम्पन्न किए जाएं। जिन जिलों से अनियमितताओं की जानकारी प्राप्त होगी, वहां दोषी अधिकारियों को नहीं बख्शा जाएगा। उपार्जन केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं होना चाहिए। खाद, बीज की समय-



सीमा में उपलब्धता और व्यवस्थित वितरण को सुनिश्चित किया जाए। पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध होने के बावजूद जिन स्थानों से वितरण की अव्यवस्था संबंधित शिकायतें मिलेंगी, वहां दोषी अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। ड्रोन का उपयोग प्रोत्साहित किया जाए, नरवाई जलाने पर लगे अंकुश मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कृषि कार्य में ड्रोन के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाए। ड्रोन के माध्यम से यूरिया के छिड़काव और खाद डालने से सामग्री की बचत भी संभव है। आवश्यकतानुसार किसानों को किराये पर ड्रोन उपलब्ध कराने, प्राकृतिक जैविक कृषि को प्रोत्साहित करने, प्राकृतिक खेती विकास योजना के क्रियान्वयन और किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नरवाई प्रबंधन के प्रयासों की भी जानकारी प्राप्त की। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश के चयनित जिलों में सुपर सीडर और हैप्पी सीडर के प्रयोग की रणनीति बनाई गई है। इससे नरवाई के नियंत्रण का कार्य संभव होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नरवाई प्रबंधन के अंतर्गत किसानों को जागरूक बनाने के लिए नरवाई रथ के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने को कहा। किसानों और आमजन को राजस्व महाअभियान का लाभ दिलवाएं मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक माह अवधि के राजस्व महाअभियान 3.0 का शुभारंभ 15 नवम्बर को हो चुका है। इस अभियान में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप किसानों और आमजन को लाभ दिलवाया जाए। पीएम किसान योजना के लिए फार्मर आईडी को दिसम्बर 2024 से अनिवार्य किया जा रहा है। इस नाते कलेक्टर्स इस कार्य को सुनिश्चित करें। खसरा एवं आधार लिंकिंग का कार्य शिविर लगाकर किया जाए। स्वामित्व योजना के समस्त ग्रामों से सबंधित दस्तावेज भी पूर्ण और व्यवस्थित करते हुए राजस्व महाभियान से स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि 11 दिसम्बर को गीता जयंती पर अनेक कार्यक्रम हो रहे हैं, जिनका व्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित किया जाए। इस्कॉन संस्था द्वारा बच्चों के लिए गीता के श्लोकों की प्रतियोगिता और अन्य कार्यक्रमों में समन्वय करते हुए स्कूल शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन को विभिन्न गतिविधियां आयोजित करनी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान में जिलों में ऐसे भवनों का अभाव है, जहां शास्त्रीय और बौद्धिक आयोजन भी होते हों। इन भवनों को सिर्फ मांगलिक भवन बनाने के स्थान पर वैचारिक विमर्श का केंद्र भी बनाया जाए और युवाओं के लिए आवश्यक साहित्य भी उपलब्ध करवाया जाए। श्रीमद्भगवद गीता के कर्म आधारित जन कल्याणकारी उद्देश्यों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए संस्कृति, नगरीय विकास और अन्य विभाग भी सहयोग करें। वीडियो कांफ्रेंस में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शीतकाल में रैन बसेरों और आश्रय स्थलों में नागरिकों के लिए ठंड से बचाव के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने और उनके स्वास्थ्य की देखभाल के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि निराश्रितों को भोजन उपलब्ध करवाने के लिए सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से प्रयास बढ़ाए जाएं। अस्पतालों के रोगियों और उनके परिजन को भी भोजन उपलब्ध करवाया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिलों में मिलावटखोरी के मामलों पर पूर्ण नियंत्रण, खाद्य पदार्थों की चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से जांच के निर्देश दिए।

### ग्राम पंचायत बराछ में व्यापक भ्रष्टाचार

# रेत की जगह डाली जा रहीं कचरा युक्त मिट्टी




**पन्ना।** पन्ना जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत बराछ में सरपंच पार्वती प्रजापति के पति संतोष प्रजापति और सचिव अरविंद मिश्रा तथा संबंधित उपयंत्री द्वारा जमकर भ्रष्टाचार तथा फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। इनके द्वारा कराये जा रहें ग्राम पंचायत क्षेत्र में निर्माण कार्यो में भारी अनिमित्ता की जा रही है तथा अमानक मटेरियल डालकर निर्माण कार्य कराये जा रहें है। इसी के चलते विगत दो माह पूर्व सरपंच तथा ग्रामवासीयों के बीच विवाद हो गया था। अभी हाल में ताजा मामला ग्राम पंचायत के ही मजरा धनगढ में बन रही लगभग सौ मीटर की सीसी सड़क में भी व्याप्क फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। जिसमें रेत के स्थान पर नाले की मिट्टी युक्त चचरीली बालू को डाला जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस प्रकार की अनियमितता मनमानी और भ्रष्टाचार का विरोध करने वालों पर सरपंच पार्वती प्रजापति के पति संतोष प्रजापति द्वारा शासकीय कार्य में बाधा और मारपीट जैसे फर्जी मामले दर्ज करवा देते हैं, जिससे अब डर के मारे स्थानीय ग्राम वासियों ने इनकी मनमानी का विरोध करना भी बंद कर दिया है, कुछ समय पहले ग्राम बराछ से नाला की तरफ बनाई गई सीसी रोड भी कुछ ही समय में ध्वस्त हो गई है, इस प्रकार अधिकांश निर्माण कार्य बनते ही चौपट हो गए हैं, तमाम शिकायतों के बावजूद कार्यवाही नहीं की जा रही है। जिससे ग्राम पंचायत के जिम्मेवारो की होसलें बुलंद है।

### इनका कहना है

*संबंधित मामले की जांच कराई जायेगी तथा दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।*

**संघ प्रिय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत पन्ना**

# कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई डीएलसीसी बैठक



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में गत शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैंकर्स के साथ विशेष डीएलसीसी एवं डीएलआरसी बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय सहित भारतीय स्टेट बैंक एवं मध्यांचल ग्रामीण बैंक के मुख्य प्रबंधक, लीड बैंक अधिकारी, समस्त बैंक के नोडल अधिकारी तथा शासकीय ऋण योजनाओं से जुड़े समस्त विभाग के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। बैठक में जिले की समस्त ग्राम पंचायतो में जनसुरक्षा कैम्प के आयोजन के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति को बैंकिंग योजनाओं का लाभ प्रदान करने तथा सरपंच व सचिव से शिविर आयोजन में आवश्यक सहयोग का प्रस्ताव रखा गया। इसके अतिरिक्त आगामी एक जनवरी 2025 से बैंकिंग संव्यवहार का समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित करने का निर्णय लिया गया। जिला कलेक्टर ने सभी विभागों को लक्ष्य अनुरूप ऋण आवेदन जमा करने तथा बैंक को आवेदनों का निर्धारित समयावधि में निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही बैंकर्स को एनपीए की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में जमा करने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं के आवेदन, जो पिछले वित्तीय वर्ष के विभिन्न पोर्टल पर लंबित हैं, उन्हें निराकृत करने तथा पीएमएफएमई योजना, पशु एवं मत्स्य केसीसी व अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं का निर्धारित लक्ष्य इस वित्तीय वर्ष में अनिवार्यतः पूर्ण करने के लिए कहा।

### ग्राम बख्तरी में जलभराव से आम लोग परेशान

**पन्ना।** जनपद पंचायत पन्ना अंतर्गत ग्राम पंचायत बख्तरी के चौधरी मोहल्ला में सीसी एवं नाली का निर्माण न होने के चलते मोहल्लावासी भारी परेशान है, क्योकि उक्त चौधरी मोहल्ला में कीचड़ एवं भारी जल भराव हो जाता है, जिससे लोगो का निकलना मुश्किल हो जाता है। मोहल्ला वासीयों ने बताया कि हम लोगो के द्वारा लगातार पूर्व से ही स्थानीय ग्राम पंचायत के जिम्मेवारो से सीसी सड़क तथा नाली निर्माण की मांग की जा रही है। लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा सिर्फ आस्वासन दिया जा रहा है। स्थानीय लोगो ने जिले के वरिष्ठ अधिकारीयों से सीसी एवं सडक निर्माण किये जाने की मांग समाचार पत्र के माध्यम से की गई है।

# बिना कार्य कराये तालाब जीर्णोद्धार के नाम पर निकाल ली गई राशि



**पन्ना।** पन्ना जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत रनवाहा का सामने आया है। जहां पर सरपंच, सचिव द्वारा बिना कार्य कराये ही राशि आहरित कर ली गई है। स्थानीय लोगो ने बताया कि ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव द्वारा फर्जी मस्टर तथा मटेरियल के बिल लगाकर राशि आहरित की जा रही है तथा जो भी कार्य होते है मशीनो के माध्यम से करा लिये जाते है, स्थानीय मजदूरो को मजदूरी का कार्य नहीं मिलता है, जिससे मजदूर लगातार बड़े शहरो के लिए पलायन कर रहें है। उक्त ग्राम पंचायत में सबसे ज्यादा समस्या चौधरी मोहल्ला में बताई जा रही है, जहां सीसी और नाली निर्माण अब्बल दर्जे का घटिया किया गया है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। इसके अलावा दो तालाबों के जीर्णोद्धार के लिए राशि स्वीकृत हुई थी, जिसमें एक खजलाई तलेया में केवल एक घंटे जेसीबी चलवाकर लगभग 6 लाख रुपए की राशि आहरित कर ली गई। दूसरे गिरवां हार तलेया में कुछ भी काम नहीं करवाया गया, इसके बावजूद भी उक्त दोनों तालाबों की राशि आहरित कर ली गई। वहीं मनरेगा योजना अंतर्गत अधिकांश काम कागजों में चल रहे हैं, फर्जी मस्टर भरकर और फर्जी बिलों के माध्यम से मजदूरी की राशि आहरित कर बंदरबांट किया जा रहा है। जबकि स्थानीय मजदूरों को कोई भी काम नहीं मिल रहा, जिससे अधिकांश मजदूर दूसरे राज्यों एवं महानगरों की ओर पलायन कर गए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि सरपंच और सचिव से समस्या बताने पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे लोगों की परेशानी बरकरार है।

### इनका कहना है

*सरपंच सचिव द्वारा मशीनो से कार्य कराया जाता है, स्थानीय मजदूरो को मजदूरी का कार्य नही दिया जाता है जिससे गांव के मजदूर मजदूरी के लिए अन्य शहरों मे जाते हैं।*

**जगदीश सिंह**
**स्थानीय ग्रामवासी**

# जिले में धान उपार्जन के लिए केन्द्र निर्धारित

**पन्ना।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए खरीदी केन्द्रों का निर्धारण किया गया है। गत दिवस जिला उपार्जन समिति की अनुशंसा उपरांत समितियों के प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर जिले में तहसीलवार धान उपार्जन केन्द्रों का निर्धारण किया गया है।

पन्ना तहसील में पैक्स गोदाम बृजपुर, विवेक श्रीवास्तव वेयरहाउस लक्ष्मीपुर, ज्योति कटेहा वेयरहाउस प्रांगण जरूआपुर, अर्चना वेयरहाउस कृष्णा कल्याणपुर एवं समिति प्रांगण सिलधरा को खरीदी केन्द्र बनाया गया है। इसी तरह देवेन्द्रनगर तहसील में समिति प्रांगण गौरा, कृषि उपज मंडी देवेन्द्रनगर, सिद्धी विनायक वेयरहाउस सुंदरा, एमपीडब्ल्यूएलसी गोदाम बड़ागांव एवं आयाद बिल्डकॉन वेयरहाउस सिलगी, गुनौर तहसील में पाठक वेयरहाउस गुनौर, गोपालजी वेयरहाउस प्रांगण डिघौरा, पैक्स गोदाम सुंगरहा, बागरी वेयरहाउस अमरी, पाठक वेयरहाउस गुनौर, कृषि उपज मंडी प्रांगण सलेहा एवं समिति प्रांगण मुड़वारी, अमानगंज तहसील में रावत वेयरहाउस अमानगंज, नर्मदा वेयरहाउस पगरा, कांक्रीट प्लेटफार्म तारा झरकुआ, माया गौतम वेयरहाउस महेबा, महालक्ष्मी वेयरहाउस मड़िया हिनौता, नर्मदा वेयरहाउस पगरा एवं कृष्णा वेयरहाउस यूनिट-2 अमानगंज, पवई तहसील में गोपालजी वेयरहाउस पवई, समिति प्रांगण बिरसिंहपुर, कृषि उपज मंडी मार्कफेड गोदाम पवई, समिति प्रांगण कृष्णगढ़ एवं समिति प्रांगण पड़रिया कला, सिमरिया तहसील में शिव वेयरहाउस दनवारा मोड़, श्रीराम वेयरहाउस मोहन्द्रा, आशीर्वाद वेयरहाउस रैकरा एवं आयुषी वेयरहाउस सिमरिया, रैपुरा तहसील में समिति गोदाम रैपुरा, रावतपुरा वेयरहाउस मनगुवां एवं रैयासांटा प्रांगण, शाहनगर तहसील में समिति प्रांगण बिसानी एवं समिति गोदाम प्रांगण शाहनगर तथा अजयगढ़ तहसील में कृषि उपज मंडी प्रांगण अजयगढ़, ओपन कैप राजापुर, समिति प्रांगण बहादुरगंज तथा समिति प्रांगण धरमपुर में धान खरीदी केन्द्र निर्धारित किया गया है। शासन के निर्देशानुसार आगामी 2 दिसम्बर से 20 जनवरी तक धान उपार्जन का कार्य संचालित होगा। उपार्जन कार्य सप्ताह में पांच दिवस सोमवार से शुक्रवार को सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक किया जाएगा। शाम 6 बजे तक कृषक तौल पर्ची जारी करना अनिवार्य है। निर्धारित दिवसों में अपरिहार्य कारणों से किसानों की उपज तौल नहीं होने पर शनिवार को तौल की जा सकेगी। शनिवार एवं रविवार को शेष स्कंध के परिवहन, भण्डारण, लेखा मिलान तथा अस्वीकृत स्कंध के अपग्रेडेशन एवं वापसी की कार्यवाही की जाएगी।

जिले की अजयगढ़ तहसील में मोटा अनाज ज्वार एवं बाजरा का समर्थन मूल्य पर उपार्जन किया जाएगा।

### मतदाता सूची में युवा एवं छूटे मतदाताओं के नाम जोड़ने के संबंध में निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं पवई, पन्ना एवं गुनौर विधानसभा के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों तथा तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को 18-19 आयु वर्ग के युवा मतदाताओं सहित छूटे हुए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के संबंध में विशेष कार्यवाही के निर्देश जारी किए हैं।

# ककरहटी मे हटाया गया अतिक्रमण

## सड़क चौड़ी करण को लेकर चली जेसीबी



**पन्ना।** ककरहटी नगर पंचायत गुनौर ककरहटी रोड़ चौड़ी करण को लेकर तहसीलदार तहसीलदार द्वारा अतिक्रमण हटाया गया। नगर पंचायत कार्यालय के सामने से लेकर बस स्टैन्ड, सहित आंगे गुनौर रोड़ तक अतिक्रमण को लेकर कार्यवाही की गई। जिसमें अनेक गुमटियों, स्थायी तथा अस्थायी दुकानों को भी तोड़ा गया। ककरहटी की प्रसिद्ध दुकान रसभरी की दुकान को भी हटाया गया। नगर पंचायत के पुराने भवन से भी अतिक्रमण हटाया गया, क्योकि उक्त भवन पर दबंगो द्वारा अवैध अतिक्रमण कर रखा था। स्थानीय प्रशासन तहसीलदार, पुलिस तथा नगर पंचायत की टीम अतिक्रमण हटाने मे शामिल रही।

# प्रधानमंत्री सड़क योजना में भारी भ्रष्टाचार, बनते ही फटने लगी सीसी सड़क

## सड़क की दरारो पर डाली गई काली मिट्टी



**पन्ना।** पन्ना जिले में प्रधानमंत्री सड़क योजना, लोक निर्माण विभाग एवं पीआईयू विभाग की सड़कों में महा भ्रष्टाचार हो रहा है, जिससे अधिकतर सड़कें बनते ही उखड़ने लगती है। उदाहरण के तौर पर ताजा मामला अजयगढ़ जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत शहपुरा के गुरुदीन पुरवा से करतल नरेनी मुख्य मार्ग तक निर्माणाधीन सड़क का है, जहाँ महज 10 दिन में ही निर्माणधीन सीसी सड़क बनते ही फटने लगी है। तथा उसे छिपाने के लिए ठेकेदार द्वारा काली मिट्टी डालकर बंद कर दिया गया है। ज्ञात हो कि लगभग एक करोड़ 58 लाख की लागत से ढाई किलोमीटर सड़क का निर्माण हो रहा है। जिसमें गांव के पास सीसी सड़क बनाई गई थी। नव निर्मित सीसी सड़क जगह जगह से फट गयी है जिस पर ठेकेदार द्वारा सड़क के ऊपर मिट्टी डालकर छिपाने का प्रयास किया जा रहा है, और करीब ढाई सौ मीटर रोड में सीसी के ऊपर सीसी सड़क भी डाली गयी है, ग्रामीणों ने मामले कि उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच करवाकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। मांग करने वालों मे मुन्नी लाल, राम चरण यादव, मुन्ना अहिरवार, मुन्ना अहिरवार आदि।

### पवई में अभिभाषकगण के साथ की बैठक

**पन्ना।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय पन्ना द्वारा आगामी 14 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत के क्रियान्वयन के दृष्टिगत आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। इस क्रम में आज जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के सचिव हरप्रसाद बंशकार की अध्यक्षता में पवई में अभिभाषकगण की बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर जिला न्यायाधीश पवई नवनीत कुमार वालिया सहित न्यायिक मजिस्ट्रेट पवई हिमांशी ठाकुर भारद्वाज, जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते, अधिवक्ता संघ पवई के अध्यक्ष राजेश कुमार नगायच भी उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित अधिवक्तागण से क्लेम प्रकरणों, मोटर दावा दुर्घटना, सिविल एवं क्रिमिनल अपील के प्रकरण को राजीनामा के माध्यम से निराकरण के संबंध में चर्चा की गई।

# बीजेपी जिला अध्यक्ष ने बूथ अध्यक्ष का किया सम्मान

## 109 वर्षीय हल्के सिंह यादव को भी किया सम्मानित




**पन्ना।** बीजेपी जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा डब्बू ने यसस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कार्यक्रम मन की बात के 116वे अंक के प्रसारण पर पन्ना ग्रामीण मंडल के जनवार ग्राम बूथ नंबर 251 पर नव निर्वाचित बूथ अध्यक्ष राम सिंह यादव के निवास पर जाकर मन की बात बीजेपी बूथ के पदाधिकारी और कार्यकर्तायों के साथ सुना और बूथ अध्यक्ष राम सिंह यादव का बीजेपी जिलाध्यक्ष श्री बृजेंद्र मिश्रा ने बूथ अध्यक्ष निर्वाचित होने पर बधाई दी भारतीय जनता पार्टी का अंग वस्त्र डालकर सम्मानित किया और पार्टी की नीतियों और कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी और बीजेपी जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा ने कहा कि संगठन कार्यों को धरातल पर उतारने व भाजपा सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने में बूथ समिति और कार्यकर्ताओं का योगदान सबसे महत्वपूर्ण होता है इस दौरान बूथ पर उपस्थित सभी बीजेपी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के %मन की बात% कार्यक्रम के 116वें एपिसोड को सुना। जिला अध्यक्ष ने महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत की सराहना करते हुए कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में जानवर ग्राम के 109 वर्षीय हल्के सिंह यादव को भी सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारतीय संस्कृति और बुजुर्गों के प्रति आदरभाव का प्रतीक है। इस कार्यक्रम में बीजेपी जिला मंत्री कमल लालवानी, लोकेंद्र सिंह लकी राजा, मृगेंद्र सिंह गहरवार, राम सिंह यादव, पूर्व सरपंच हेत सिंह यादव, हरी सिंह यादव, पोल पसाना सहित बूथ पदाधिकारी एवं पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर बृजेंद्र मिश्रा ने पार्टी के लिए बूथ स्तर पर मजबूती से कार्य करने का संदेश दिया और सभी कार्यकर्ताओं से जनता तक केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने की अपील की। बीजेपी जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा डब्बू ने पन्ना ग्रामीण मंडल के जनवार ग्राम में नव निर्वाचित बूथ अध्यक्ष राम सिंह यादव का सम्मान किया। इस मौके पर बूथ कार्यकर्ताओं ने मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को सुना और महाराष्ट्र में बीजेपी की जीत का जश्न मनाया। कार्यक्रम में 109 वर्षीय हल्के सिंह यादव को भी सम्मानित किया गया। बीजेपी जिला अध्यक्ष ने बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने और जनता तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का संदेश दिया।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, सोमवार 25 नवम्बर 2024




उप मुख्यमंत्री बसामन मामा गौवंश वन्य विहार पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने गौवंश वन्य विहार परिसर में बन रहे नवीन कार्यालय का निरीक्षण किया। इस अवसर पर विधायक मनगवां इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति, सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा से देश का भविष्य हो रहा है सुनहरा : उप मुख्यमंत्री

### उप मुख्यमंत्री ने सेमरिया में पंडित दीनदयाल उपध्याय की प्रतिमा का किया अनावरण





**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा से देश की जड़ें मजबूत हो रही हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने देश की तरक्की के लिए जो पौधा रोपा था आज वह वट वृक्ष बन गया है। उनकी विचारधारा देश को सुनहरे भविष्य की ओर ले जा रही है। देश आर्थिक महाशक्ति बनने की राह पर है। वर्ष 2047 में जब देश की आजादी के 100 वर्ष पूरे होंगे तब भारत आर्थिक महाशक्ति बनकर खड़ा होगा और दुनिया का नेतृत्व करेगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल सेमरिया में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा के अनावरण अवसर पर उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित दीनदयाल जी और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को जीवन में अनेकों कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। उन्होंने विरोधी ताकतों को अपनी विचारधारा का लोहा मनवाया। उनकी विचारधारा पर ही चलकर सरकार समाज के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। पंडित दीनदयाल ने जो सपना देखा था उन्हें आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी पूरा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लोगों के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आयुष्मान योजना लागू की। इससे गरीब से गरीब व्यक्ति भी अच्छे से अच्छे अस्पतालों में पाँच लाख रुपए तक का निन्शुल्क उपचार कराने में सक्षम हो गया है। इस योजना का और विस्तार किया गया है जिसमें अब 70 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु के नागरिकों का भी आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत करोड़ो लोगों अपना पक्का मकान मिला है। जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर को नल से पानी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। मध्यप्रदेश सरकार ने भी लाड़ली बहना योजना लागू कर महिला सशक्तिकरण को मजबूती प्रदान की है। हर तरफ पंडित दीनदयाल जी की विचारधारा को ध्यान में रखकर सरकार द्वारा कार्य किए जा रहे हैं। इस अवसर पर विधायक मनगवां इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति, पूर्व विधायक सेमरिया श्री केपी त्रिपाठी, श्री प्रदीप दुबे, श्री हरिनारायण, श्री अशोक गुप्ता, श्री रमाकांत मिश्रा, श्री रामरूद्र मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और स्थानीयजन उपस्थित रहे।

## किसानों को खाद की नियमित आपूर्ति जारी

**रीवा।** किसानों को खाद की नियमित आपूर्ति की जा रही है। जिले में 7 डबल लाक केन्द्रों तथा सहकारी समितियों के माध्यम से खाद का वितरण किया जा रहा है। किसानों की मांग को देखते हुए अवकाश के दिनों में भी खाद का वितरण किया जा रहा है। रविवार को जवा डबल लाक केन्द्र से 67 किसानों को 327 बोरी डीएपी, 225 बोरी यूरिया और 32 बोरी सुपर फास्फेट का वितरण किया गया। इसी तरह अन्य डबल लाक केन्द्रों और सहकारी समितियों से किसानों को खाद उपलब्ध कराई जा रही है। मार्कफेड, सहकारी समिति तथा निजी विक्रेताओं के पास खाद उपलब्ध है। जिन केन्द्रों में अधिक संख्या में किसान खाद लेने पहुंच रहे हैं वहां अधिकारियों की निगरानी में टोकन देकर खाद का वितरण किया जा रहा है। सभी एसडीएम, तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार खाद बिक्री केन्द्रों में खाद वितरण की निगरानी कर रहे हैं।

## हम होंगे क़ामयाब अभियान आज से होगा प्रारंभ

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान हम होंगे क़ामयाब 25 नवम्बर से 10 दिसंबर तक चलाया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान के तहत महिला सुरक्षा संवाद विषय पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला 25 एवं 26 नवंबर को आयोजित की गई है।

कलेक्टर ने बताया कि कार्यशाला में सरकारी समन्वय और हितधारकों की ज़िम्मेदारी के माध्यम से जेंडर आधारित हिंसा का समाधान, सामुदायिक पुलिसिंग, महिला सुरक्षा में सहयोगी दृष्टिकोण, जेंडर आधारित हिंसा को समझना और स्थानीय कार्यान्वयन के लिए कार्य योजनाओं का विकास, पीड़ितों के लिए समर्थन प्रणाली को मज़बूत करना, वन स्टॉप सेंटर की भूमिका और मनोवैज्ञानिक प्रभाव ,महिला सुरक्षा को बढ़ावा देना त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र के माध्यम एम पी डायल 100 से अंतर्दृष्टि, महिलाओं की सुरक्षा कानूनों और नीतियों की समझ जैसे विषयों पर पहले दिन विषय विशेषज्ञों के साथ चर्चा होगी। कार्यशाला के दूसरे दिन युवाओं की भूमिका बदलाव के वाहक, पीड़ितों के लिए समर्थन प्रणाली को मज़बूत करना, वन स्टॉप सेंटर की भूमिका, तकनीक आधारित जेंडर हिंसा की समझ तथा विश्वविद्यालय स्तर पर महिला सुरक्षा उपाय जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## उप मुख्यमंत्री ने बसामन मामा में निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल बसामन मामा गौवंश वन्य विहार पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने गौवंश वन्य विहार परिसर में बन रहे नवीन कार्यालय का निरीक्षण किया। इस अवसर पर विधायक मनगवां इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति, पूर्व विधायक सेमरिया श्री केपी त्रिपाठी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## शिविर में 238 वृद्ध नागरिकों के बनाए गए आयुष्मान कार्ड



**रीवा।** शासन के निर्देशानुसार 70 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु के व्यक्तियों का निन्शुल्क आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। इसके लिए विभिन्न स्थानों में शिविर आयोजित कर आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। इसी क्रम में सिविल लाइन स्थित अटल पार्क रीवा में 238 वृद्ध नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। उल्लेखनीय है कि आयुष्मान योजना अन्तर्गत पात्र व्यक्तियों को पाँच लाख रुपए तक का निन्शुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाता है। शिविर के आयोजन में शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ अनुराग शर्मा, डॉ अमित तिवारी, एपीएम शंकर तिवारी, आयुष्मान मित्र जनमेजय तिवारी, आशा कार्यकर्ता, एएनएम, डाटा एन्ट्री आपरेटर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## शराब पीने के लिये पैसा नही देने पर मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

रीवा

पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती शिवाली चतुर्वेदी के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी सिटी कोतवाली उप निरीक्षक अरविन्द सिहं राठौर द्वारा शराब पीने के लिये पैसा मागने नही देने पर मारपीट करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।



मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि फरियादी नितिल वर्मा उर्फ मिर्ची द्वारा दिनांक 26/10/2024 थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी दीपक रजक उर्फ मोघ्गा द्वारा शराब पीने के लिये पैसा मागा नही देने पर गाली गुप्तार कर मारपीट किया सूचना पर अपराध क्रमांक 513/2024 धारा 119(1), 296,115(2),351(1) ,3(5) बी.एन.एस. पंजीबध्द किया जाकर विवेचना मे लिया गया मामले का फरार आरोपी दीपक रजक उर्फ मोघ्गा पिता श्याम रजक उम्र 23 वर्ष निवासी तरहटी थाना कोतवाली को मुखबिर सूचना पर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहा से आरोपी को केन्द्रीय जेल रीवा मे निरुध्द किया गया है।

गिरफ्तार आरोपी -दीपक रजक उर्फ मोघ्गा पिता श्याम रजक उम्र 23 वर्ष निवासी तरहटी महत्वप्रूण भूमिका ।

थाना प्रभारी उप निरी. अरविन्द सिंह राठौर, ,प्र.आर. बलराम पासी, ,आर. संजीत यादव ,आर. जितेन्द्र सेन, आर, सुधीर शुक्ला, आर, रंजन , कमलेन्द्र सिंह, रबी पाण्डेय, आर अनिल विश्वकर्मा।

## उप मुख्यमंत्री स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में हुए शामिल



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ग्राम बहुरीबांध में स्थित जागृति इंटरनेशनल हायर सेकण्डरी स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि जागृति इंटरनेशनल स्कूल के संचालन का यह पाँचवा वर्ष है। यह स्कूल इस क्षेत्र में अच्छी गुणवत्ता की शिक्षा की कमी को पूरा कर रहा है। इस तरह के विद्यालय का संचालन होना इस क्षेत्र के लिए नितांत आवश्यक था। छोटे-छोटे बच्चों ने कार्यक्रम में बेहतरीन नृत्य प्रस्तुत किया। यह बच्चों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इससे बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। बच्चों का केवल पढ़ाई में अच्छा होना ही काफी नहीं है बल्कि उन्हें हर गतिविधि में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। इससे उनमें आत्मविश्वास आता है। बच्चों के लिए शिक्षा और संस्कार दोनो आवश्यक है। यह उनके लिए वरदान साबित होता है। उप मुख्यमंत्री ने बच्चों को अपने बड़े-बुजुर्गों का सम्मान करने की भी सीख दी। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विधायक मनगवां इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति, पूर्व विधायक सेमरिया श्री केपी त्रिपाठी, अन्य जनप्रतिनिधिगण, स्कूल की संचालिका मनीषा पाठक, प्राचार्य मोनिका द्विवेदी, शिक्षकगण, विद्यार्थी तथा उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

## नेशनल लोक अदालत के संबंध में सरपंचों के साथ बैठक 27 नवम्बर को

**रीवा।** नेशनल लोक अदालत का आयोजन आगामी 14 दिसम्बर को किया जाएगा। इस संबंध में जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 14 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत के आयोजन से पहले जनपद पंचायत रीवा, रायपुर कर्चुलियान तथा गंगेव के ग्राम पंचायतों के सरपंच के साथ बैठक आयोजित की जाएगी।

## सड़क सुरक्षा, स्वच्छता व नशा मुक्ति हेतु कार्यशाला आज

**रीवा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय झरिया रीवा में रीवा संभाग के पदाधिकारी जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन तथा स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग तथा समाजसेवियों ,बस मालिकों, ट्रक ,जीप ,ऑटो इत्यादि के संचालकों की एक मीटिंग और कार्यशाला संस्थान में शाम को 6:00 बजे 25 नवंबर 2024 को रखी गई है। इस कार्यक्रम में पुलिस महा निरीक्षक रीवा, पुलिस अधीक्षक रीवा, नगर निगम आयुक्त डॉ सौरभ सोनवने, अपर पुलिस अधीक्षक रीवा,नगर पुलिस अधीक्षक एवं उप पुलिस अधीक्षक थाना यातायात, डीन मेडिकल कॉलेज रीवा ,क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी , संयुक्त संचालक संजय गांधी हॉस्पिटल रीवा क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं रीवा संभाग,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रीवा , सहित अनेक कई विशिष्ट अधिकारी एवं बस ऑनर्स एवं समाजसेवी सहभागिता करेंगे। इस कार्यशाला में मुख्य रूप से सड़क दुर्घटनाओं को रोकने यातायात पीड़ितों के प्रति श्रद्धांजलि ,नशा मुक्त भारत के प्रति हमारे जवाबदारी, निर्विघ्नम यात्रा, सड़क दुर्घटना को रोकने के उपाय और स्वच्छ रीवा के प्रति हमारी जवाबदारी विषय पर विचार मंथन होगा। इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में रीवा नगर स्थित सभी समाजसेवी बुद्धिजीवी गणमान्य नागरिक को सहभागिता करने हेतु ब्रह्माकुमारी संस्थान रीवा की ओर से अपील की गई है ।

## 56 भोग महाप्रसाद, महाआरती के साथ हुई आकर्षक आतिशबाजी

**रीवा।** माता महालक्ष्मी जी एवं भगवान श्री अग्रसेन जी के मंदिर स्थापना के 15 वर्ष पूर्ण होने पर अग्रवाल समाज रीवा के तत्वाधान में दिनांक 23 नवंबर 2024 को शाम 7 बजे 56 भोग महाप्रसाद,सामूहिक महाआरती के साथ आकर्षक आतिशबाजी का आयोजन अग्रवाल समाज भवन फोर्ट रोड रीवा में किया गया।56 भोग महाप्रसाद को लेकर सामाजिक अग्रबन्धुओं में बहुत उत्साह रहा अग्रबंधु के परिवार से एक से एक बढ़चढकर मीठे पकवान माँ की आराधना एवं कुलदेवता को अर्पित किए।

## समाधान आनलाइन कार्यक्रम अब 25 नवम्बर को होगा

**रीवा।** मुख्यमंत्री द्वारा समाधान आनलाइन कार्यक्रम में आवेदकों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जाता है।

## रीवा में हैप्पी स्ट्रीट का धमाल, हर उम्र के लोगों ने लिया भरपूर मजा

### रीवा नगर निगम के आयोजन में बच्चों का योग प्रदर्शन बना आकर्षण का केंद्र

रीवा

नगर निगम द्वारा आयोजित हैप्पी स्ट्रीट कार्यक्रम का शानदार और उत्साहपूर्ण आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बच्चों से लेकर हर आयु वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जुंबा, योग, सैक रेस, लेमन रेस, रस्साकसी, म्यूजिकल चेयर रेस, ताइक्कांडो, साइकिल स्टंट और ड्राइंग जैसी विविध गतिविधियों ने प्रतिभागियों और दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

कार्यक्रम में बच्चों द्वारा किए गए अद्भुत योग प्रदर्शन ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। उनके द्वारा प्रदर्शित अद्वितीय आसनों ने दर्शकों को हतप्रभ कर दिया।



खेलकूद और अन्य गतिविधियों के माध्यम से पुराने और बचपन के खेलों को भी पुनर्जीवित किया गया, जिनमें हर उम्र के लोगों ने हिस्सा लेकर आनंदित अनुभव किया।

कार्यक्रम के समापन पर नगर निगम आयुक्त डॉ सौरभ सोनवणे ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए एवं सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा, कि ऐसे आयोजन शहर में सकारात्मकता का माहौल बनाते हैं। यह लोगों के मनोरंजन के साथ उनके स्वास्थ्य को भी लाभ पहुंचाते हैं और तनाव से मुक्ति दिलाने में सहायक होते हैं एवं ऐसे कार्यक्रम का आयोजन निरंतर किया जाएगा। कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय, सेंट्रल अकादमी, जीतांजलि पब्लिक स्कूल और अन्य विद्यालयों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान नगर निगम सहायक आयुक्त श्री मती रूपाली द्विवेदी, स्वास्थ्य अधिकारी श्री मुरारी कुमार , सिटी मिशन मैनेजर अभिमन्यु सिंह , प्रीति रोचलानी और अन्य अधिकारी, नागरिकगण मौजूद रहे ।


आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सूवधा

अब रीवा (म.प्र.) के लाइफ केयर हॉस्पिटल में

लेज़र मशीन द्वारा

बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू

लेजर फायदें

- अस्पताल मे रहने की आवश्यकता नही
- ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
- रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय मे ही अस्पताल से छुट्टी
- किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी
- फिर से होने की संभावना सबसे कम
- कम से कम समय मे काम पुनः शुरू कर सकते है

उपलब्ध सुविधाएँ

- आकस्मिक चिकित्सा इकाई
- गहन चिकित्सा
- खून जाँच एवं डिजिटल एक्स-रे केन्द्र
- दवाईयाँ
- प्रसूति कक्ष
- शल्य चिकित्सा कक्ष
- शल्य क्रियोतर कक्ष

आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सुविधा

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-

लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर

जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.)

8435896118, 9630131919, 7898847200



स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833